चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 323, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 23 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सांसदों का निलंबन: विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

### जो लोग खुद के देशभक्त होने का दावा करते हैं, उनकी हवा निकल गई: राहुल गांधी



**नई दिल्ली**

विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में आईएनडीआईए घटक दलों के नेताओं ने शुक्रवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और राजद सांसद मनोज झा सहित अन्य विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का बीड़ा उठाया है। ये लोग दलितों, मजदूरों, महिलाओं और किसानों को कुचलने का काम कर रहे हैं। इसलिए हमने देश को बचाने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन बनाया है। खड़गे ने आगे कहा कि उच्च संवैधानिक पद पर बैठे लोग कहते हैं, "मैं इस जाति का आदमी हूं, इसलिए मुझे अपमानित कर रहे हैं।" हमें सदन में नोटिस तक नहीं पढ़ने दिया जाता, तो क्या मैं ये कहूं कि मोदी सरकार दलित को बोलने भी नहीं देती! एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्ष एकजुट है। इसके लिए हम कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि सांसदों का निलंबन अलोकतांत्रिक है। विपक्ष को बोलने से रोका जा रहा है। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि "लोकतंत्र की हत्या हो गई है। अब विपक्ष को मिलकर लोकतंत्र को पुनर्जीवित करना है। सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि हमें उन लोगों से लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है, जो वर्तमान में सत्ता में हैं। संसद में सुरक्षा चूक मुद्दे पर सरकार को जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि संसद में हुई सुरक्षा चूक को लेकर दोनों सदन में प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। उसके विरोध में आईएनडीआईए घटक दलों ने आज देशव्यापी प्रदर्शन किया।

### ' मोदी विपक्ष रहित सदन चाहते हैं, लेकिन हम लड़ते रहेंगे'



रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मोदी विपक्ष रहित सदन चाहते हैं, लेकिन हम लड़ते रहेंगे। संसद में जो लोग घुसे थे, उन्होंने रंगीन धुआं उड़ाया था, अगर यह कुछ और होता तो देश की स्थिति कुछ और होती। प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे दिग्विजय सिंह ने कहा- हम सदन में सिर्फ गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहे थे। इस पर कई सांसदों को सस्पेंड कर दिया।

कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि संसद निर्णय लेने वाली सबसे बड़ी संस्था है। 700 से ज्यादा सांसद सीधे या अप्रत्यक्ष तरीके से चुनकर आते हैं। सरकार को सांसदों को सस्पेंड करने और इसके बाद सदन चलाने का अधिकार नहीं है। सरकार पूरी तरह से निरंकुश और अलोकतांत्रिक हो गई है।

### बेरोजगारी पर मौन है मोदी सरकार : राहुल गांधी




**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार बेरोजगारी के मुद्दे पर मौन है। यह सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। बेरोजगारी का आलम ये है कि देश का युवा दिन में 07 घंटे से अधिक सोशल मीडिया पर बिता रहा है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सप्ताह दो-तीन युवा लोकसभा में कूद गए। वे अंदर कैसे आए? संसद के अंदर वे गैस का सिलेंडर कैसे लाए? उन्होंने ये विरोध क्यों किया? उसका कारण क्या था?। यह गौर करने की बात है। राहुल ने कहा कि सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक हुई लेकिन सरकार और मीडिया के लिए यह मुद्दा नहीं है। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार अग्निवीर योजना लाई और हिंदुस्तान के युवाओं से उनकी देशभक्ति की भावना छीन ली। जब युवा खड़े हुए कि हमें अग्निवीर नहीं चाहिए तो आपने उन्हें डराना शुरू कर दिया। अगर आप सोचते हो कि आप युवा को डरा सकते हैं, तो आपमें हिंदुस्तान की समझ नहीं है। राहुल ने कहा कि हम लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रयास जारी रखेंगे। ये लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच में है। हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं।

## हिमाचल: कई भागों में मौसम खराब, बारिश-बर्फबारी के आसार

**शिमला**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम बिगड़ गया है। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ है। इससे शीतलहर भी बढ़ गई है। वहीं, राजधानी शिमला में भी बादल छाए हुए हैं। कुल्लू व लाहौल के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सैलानियों को संवेदनशील क्षेत्रों की ओर न जाने की सलाह दी है। वहीं, सर्दी के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने 3,000 मीटर के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में ट्रैकिंग गतिविधियों पर रोक लगा दी है।

मध्य व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार: मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ क्षेत्रों में 22 व 23 दिसंबर को बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला और सिरमौर जिले कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जबकि चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद राज्य में वर्षा की गतिविधि कम होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान औसत अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री व औसत न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।

उधर, शिमला में न्यूनतम तापमान 11.0, सुंदरनगर 0.5, भुंतर 0.5, कल्पा 2.6, धर्मशाला 8.2, ऊना 2.7, नाहन 8.2, पालमपुर 5.0, सोलन 1.1, कांगड़ा 6.5, मंडी 1.1, चंबा 3.2, डलहौजी 11.1, जुब्बड़हट्टी 8.5, कुफरी 9.1, कुकुमसेरी माइनस 8.6, नारकंडा 6.7, रिकांगपिओ 5.1, सेऊबाग 2.0, धौलाकुआं 4.7, बरठीं 2.2, समदो माइनस 3.1, पांवटा साहिब 9.0 व सराहन में 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## 'धीरज साहू की कंपनी ने छिपाई बेहिसाब आमदनी'





**रांची**

झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिवार से जुड़े झारखंड, ओडिशा और बंगाल के ठिकानों पर पिछले दिनों की गई छापेमारी और नोटों की भारी बरामदगी के संबंध में आयकर विभाग ने आधिकारिक रूप से जानकारी दी। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि देसी शराब के निर्माण और व्यवसाय से जुड़े इस व्यावसायिक समूह के ठिकानों पर छापेमारी के क्रम में आयकर विभाग को बड़ी संख्या में आपत्तिजनक साक्ष्य मिले हैं। कई दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्तः छापेमारी के क्रम में कई दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों का प्रारंभिक विश्लेषण करने से देसी शराब की बेहिसाब बिक्री के रिकार्ड का पता चला है, जिसकी आय छिपाई गई है। इसके साथ ही कंपनी संचालकों को होने वाली अघोषित नकदी आय और बेहिसाब नकदी की आवाजाही का भी विवरण मिला है।

समूह की व्यावसायिक गतिविधियों को देखने वाले मुख्य कर्मचारियों ने यह स्वीकार भी किया है और तलाशी अभियान के दौरान मिली और जब्त की गई नकदी इसे प्रमाणित भी करती है।

## संसद सुरक्षा चूक मामला, ललित 5 जनवरी तक रिमांड पर






**नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 5वें आरोपी ललित झा की पुलिस रिमांड 5 जनवरी तक बढ़ा दी है। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश पर भी रोक लगा दी है, जिसमें पुलिस को एक आरोपी की एफआईआर कॉपी देने का निर्देश दिया गया था। इससे पहले कोर्ट ने 21 दिसंबर को 4 अन्य आरोपियों सागर शर्मा, नीलम, मनोरंजन डी और अमोल शिंदे की पुलिस हिरासत 15 दिन के लिए बढ़ा दी थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मामले में 6 आरोपियों का साइकोलॉजिकल टेस्ट होगा। इसमें आरोपियों का बर्ताव, आदतें और रूटीन की जांच होगी। ये टेस्ट उइक की फोरेंसिक लैब और दिल्ली के रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में किया जाएगा। 21 दिसंबर को एक आरोपी को लैब लाया गया था। अब एक-एक करके बाकी आरोपियों को भी टेस्ट के लिए लाया जाएगा।

टेस्ट क्वेशचन-आंसर फॉर्मेट में होगाः साइकोलॉजिकल टेस्ट प्रश्न-उत्तर फॉर्मेट में होगा। यह तीन घंटे चलेगा। इसमें ये जाना जाएगा कि संसद में घुसपैठ करने का इन सभी लोगों का मकसद क्या था। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि उन्होंने मणिपुर हिंसा, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर ध्यान खींचने के लिए संसद में घुसपैठ की थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि वह हर एंगल से जांच कर रही है। लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में कर्नाटक के बागलकोट से इंजीनियर साईंकृष्ण जगाली को भी हिरासत में लिया गया है। जगाली कर्नाटक के एक रिटायर्ड आईपीएस का बेटा है।

## बजरंग पूनिया ने पीएम को पद्मश्री पुरस्कार लौटाया





**नई दिल्ली**

भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा "मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरा स्टेटमेंट है।" बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए खत में लिखा "माननीय प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे। आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे। आपकी इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान हमारी कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी महीने में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्सुएल हरासमैंट के गंभीर आरोप लगाए थे, जब उन महिला पहलवानों ने अपना आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया था। आंदोलित पहलवान जनवरी में अपने घर लौट गए, जब उन्हें सरकार ने ठोस कार्रवाई की बात कही। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी जब बृजभूषण पर एफआईआर तक नहीं की तब हम पहलवानों ने अप्रैल महीने में दोबारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया ताकि दिल्ली पुलिस कम से कम बृजभूषण सिंह पर एफआईआर दर्ज करे, लेकिन फिर भी बात नहीं बनी तो हमें कोर्ट में जाकर एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी। जनवरी में शिकायतकर्ता महिला पहलवानों की गिनती 19 थी जो अप्रैल तक आते आते 7 रह गई थी, यानी इन तीन महीनों में अपनी ताकत के दम पर बृजभूषण सिंह ने 12 महिला पहलवानों को अपने न्याय की लड़ाई में पीछे हटा दिया था।

## घाटी में करीब 30 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय

**जम्मू कश्मीर**

कश्मीर घाटी में लगातार मिल रही विफलताओं के बाद से पाकिस्तान बौखलाहट में है। सीमा पार बैठे आतंकी जम्मू संभाग के पुंछ और राजोरी में आतंकवाद को फिर जीवित करने की साजिश रच रहे हैं। रक्षा सूत्रों की मानें तो पुंछ-राजोरी सेक्टर में 25 से 30 पाकिस्तानी आतंकवादी के सक्रिय होने का संदेह है। माना जा रहा है कि इस सेक्टर में फैले घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं को आतंका अपना ठिकाना बना रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि पुंछ और राजोरी क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश रची गई है, ताकि भारतीय सेना पर लद्दाख सेक्टर से सैनिकों को हटाने और इस क्षेत्र में बलों को फिर से तैनात करने के लिए दबाव बनाया जा सके।

सूत्रों ने कहा, 'लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए पुंछ-राजोरी सेक्टर के घने जंगली इलाकों में छिपे हुए हैं। भारत ने 2020 में चीन के साथ बिगड़े हालातों के बीच राष्ट्रीय राइफल्स की यूनिटों को पुंछ सेक्टर से हटाकर लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया था। पिछले वर्षों में जब से सेना लद्दाख ऑपरेशन के लिए रवाना हुई है। इस बीच पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों के खिलाफ हमले करने के लिए पाकिस्तान से अपने आतंकवादियों को राजोरी-पुछ क्षेत्र में भेजना शुरू कर दिया, ताकि भारत को क्षेत्र में अपने सैनिकों को फिर से तैनात करने के लिए मजबूर किया जा सके। भारतीय सेना ने हाल ही में आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए एक और ब्रिगेड को तैनात किया था और क्षेत्र में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान-चीन गठजोड़ है कि भारत को जम्मू-कश्मीर सेक्टर से बाहर न निकलने दिया जाए और लद्दाख सेक्टर में सैनिकों को और अधिक तैनात न किया जा सके।

## धनखड़ की नकल किए जाने के मामले में सियासत गरमा गई

**नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल किए जाने के मामले में सियासत गरमा गई है। सभापति के अपमान के विरोध में भाजपा लगातार विपक्षियों पर निशाना साध रही है। हालांकि, इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इस बात पर अफसोस जताया कि संसद में महत्वपूर्ण विषय पर हो रही बहस में जाति को बीच में लाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि संसद में गंभीर बहस के दौरान जाति का उल्लेख किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने लोगों से 21वीं सदी में छोटी सोच से आगे बढ़ने का आग्रह किया।

यह है मामला: गौरतलब है, 19 दिसंबर को विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के निलंबित सांसद कल्याण बनर्जी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करते दिखे थे।

## अयोध्या में 30 दिसंबर को होगा प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का ग्रैंड रिहर्सल

### --- भारत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा इवेंट होगा रामोत्सव, 30 दिसंबर को पीएम का अयोध्या दौरा, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का होगा उद्घाटन



**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के नाम अयोध्या में अपने दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह की देरी पर है। ऐसे में प्रदेश की योगी सरकार आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले ग्रैंड इवेंट का ग्रैंड रिहर्सल कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सजावट का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा आगामी 22 जनवरी के दौरान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी 2024 के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ही अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी 2024 के लिए तैयारी है।

सीएम योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग (राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ) को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। इस दौरान फुटपाथ पर सुंदर फूलों वाले गमलों से साज सज्जा की जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट एवं फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्व स्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के आगामी अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाईवे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुल्तानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है।

प्रधान चिन्तक ही संकल्प यात्रा में शामिल

# गिरधरपुर में दोबारा आवास, शौचालय, रिबोर का छाया रहा मुद्दा , जिम्मेदार मौन

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अलावा दूसरे गांव के लोगों ने पहुंचकर लगाया जमावड़ा

**अखण्ड भारत संदेश**

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरधरपुर में आवास में धांधली को लेकर आए दिन प्रकाश में आ रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कार्यक्रम में हिस्सा तक नहीं लिया प्रधान प्रतिनिधि के रवैये से तंग आकर गिरधरपुर के अधिकतर लोगों ने शुक्रवार को पंचायत भवन में रखे गए कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा में नहीं पहुंचे। लोगों ने बताया कि गिरधरपुर ग्राम पंचायत में अधिकतर उन्ही लोगों को आवास दिया गया है जिसके घर पहले से ही दो- दो मंजिले मकान और सरकारी नौकरी पर कार्यरत है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार पांडेय व सचिव संदीप कुमार के साँठ गांठ के चलते कई अपात्र लोगों से पैसा लेकर पात्र बना दिया। जिससे तंग आकर ग्रामीणों ने मौके पर जमकर विरोध किया इसी बीच कार्यक्रम में






आई गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कर अन्नप्राशन कराया गया। उधर हंडिया ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत केसरवानी, ग्राम प्रधान हंडिया रवि शंकर, अनिल कुमार पाण्डेय, हरिप्रसाद पाण्डेय, गिरधरपुर ग्राम प्रधान हीरावती, प्रेम कुमार ग्राम रोजगार सेवक, निखिल कुमार सोनकर, राजमणि द्विवेदी, कुलबुल सोनकर ,रामबली मौर्य, इंद्रमणि कुशवाहा, तथा मंच का संचालन दिनेश कुमार पांडेय ने किया। इनका कहना है- ग्राम पंचायत गिरधरपुर के भरथीपुर गांव निवासी हजारी लाल सोनकर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में आवास, शौचालय, रिबोर, पेंशन आदि सरकारी सुविधा उन्हीं लोगों को दिया गया है जिनके पास पक्का मकान, सरकारी नौकरी में हैं। जिसकी शिकायत ब्लॉक मुख्यालय पर कई बार किया जा चुका हैं। गिरधरपुर की निष्पक्ष जांच न होने पर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी मनमानी तरीके से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

## आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नैनी में नवागन्तुक छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय स्वागत समारोह

**आध्यात्मिक ज्ञान से चरित्र का होता है निर्माण : बलबीर गिरि**



**नैनी।** नैनी आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नैनी परिसर में नवागन्तुक छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय स्वागत समारोह ह्यह्यगूंजह्यह्य का शुभारम्भ शुक्रवार को संयुक्त रूप से कालेज आफ फामेर्सी, स्कूल आफ नर्सिंग एवं प्रयाग विधि महाविद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघम्बरी मठ के महंत बलबीर गिरि महराज एवं विशिष्ट अतिथि प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डॉ राकेश पांडेय, क्षेत्रीय निदेशक कर्मचारी चयन आयोग प्रयागराज राहुल कुमार सचान तथा शांति विलास हास्पिटल प्रयागराज के निदेशक डॉ अजय शुक्ला रहे। कार्यक्रम की शुरूआत महंत बलबीर गिरि ने मां सरस्वती की पूजा एवं माल्यार्पण वेद पाठी ब्राह्मणों द्वारा सामूहित रूप से मंत्रोच्चार के साथ किया। संस्थागत छात्रों ने समूह नृत्य के माध्यम से सरस्वती वन्दना एवं विभिन्न प्रकार के गीत, गजल तथा विभिन्न विषयों पर नाट्य मंचन भी प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रबंध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्रों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में महंत बलवीर गिरि ने छात्र-छात्राओं को बताया कि आपके लिये भौतिक ज्ञान तो आवश्यक ही है, उसके साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी जरूरी है। आध्यात्मिक ज्ञान से चरित्र का निर्माण होता है, जिसके बल पर आप एक अच्छे संस्कारवान समाज का निर्माण कर सकते हैं। आध्यात्मिक एवं ऋषि परम्परा हजारो वर्ष पुरानी है, जिसे हमारे पूर्वजो ने संजोकर रखा और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब आप सभी युवाओं की है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में नर्सिंग छात्र-छात्राओं हेतु लैम्प लाईटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. अजय शुक्ला ने नर्सिंग छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार रहने की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि नर्सिंग स्टाफ के बिना कोई भी हास्पिटल प्रगति नही कर सकता। नर्सिंग स्टाफ मरीजों की चिकित्सीय सेवा के साथ-साथ भावनात्मक रूप से जुड़ी रहती हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि मरीज जल्द ही स्वस्थ होने लगता है।




## वार्षिकोत्सव में नौनिहालों ने मचाई धूम

**फूलपुर।** घियानगर स्थित ओम बाल विद्यामंदिर का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफको फूलपुर के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया के साथ विनीता कुदेशिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद नौनिहालों द्वारा कृष्ण वंदना, स्माइल ऑन योर फेस ,छोटे-छोटे तमाशे, शिक्षा का महत्व, राजस्थानी चौमासा डांस, विशाल ओवर कम, एक चिड़िया तथा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। हम सब भारतीय हैं नृत्य से वार्षिकोत्सव का समापन हुआ। मुख्य अतिथि ने नन्हे मुन्नों के हुनर की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन कर पुरस्कार की घोषणा की तो बच्चों ने करतल ध्वनि से मुख्यातिथि का आभार जताया। विद्यालय की निदेशक विनीता कुदेशिया ने सभी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पल्लवी विक्की ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एपी राजेंद्रन,संजय भंडारी, अरुण कुमार,अरवेंद कुमार, विनय विक्की, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन शंभू शेखर,पीके त्रिपाठी,जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी,रश्मि शुक्ला, अर्चना सिंह ,सुप्रिया शर्मा पूनम वर्मा, विभा शाही,मोनिका टंडन,शालिनी श्रीवास्तव,सीमा सिंह आदि मौजूद रहीं।

# माधव ज्ञान केंद्र से अक्षत कलश यात्रा निकाला गया





**नैनी।** नैनी श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर देश भर में आमंत्रण के लिए अयोध्या से पूजित भेजे गए हैं जिनको कलश में रखकर उनका पूजन और जागरण के लिए शोभायात्राएं निकल जा रही हैं इसी क्रम में नैनी में एक विशाल शोभायात्रा माधव ज्ञान केंद्र से प्रारंभ हुई जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न मत पंथ संप्रदाय के बंधु, माताएं बहनें, विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग पूज्य संत शामिल हुए यात्रा का शुभारंभ पूजित अक्षत कलश को रथ पर रखा गया और उसका पूजन सुदामा कुटिया आश्रम के महंत स्वामी लाल बाबा महाराज जी ने कराया, एक रात पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता और हनुमान जी की झांकी सहित पीले परिधान में माताएं बहने श्री राम नाम का जब करते हुए यात्रा में चल रही थी यात्रा नैनी सेंट्रल जेल के सामने से निकलकर अरैल मोड, मल्हारा ओवर ब्रिज से होते हुए नैनी स्टेशन, नैनी बाजार शंकर ढाल, कॉटन मिल तिराहा, लोकपुर होते हुए माधव ज्ञान केंद्र पर पुनः समापन हुआ रास्ते में दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं घरों से निकलकर जनमानस ने कलश का पूजन किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रचारक प्रमोद ने कहा की सैकड़ो वर्षों के संघर्ष के बाद, लाखों बलिदान के बाद राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुनर प्रतिष्ठा का स्वर्णिम दिन 22 जनवरी होगा, पूरी दुनिया का हिंदू समाज उत्सव मना रहा है कोई छूट न जाए कोई घर न छूट जाए हम समाज के हर एक वर्ग हर एक गली मोहल्ले में जाएंगे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर निर्माण की झलक एवं प्रभु के दर्शन के लिए अलग-अलग तिथियां पर सब पहुंचे ऐसा समाज से आग्रह होगा 22 जनवरी को दूसरी दीपावली मनाने की तैयारी के भी कार्यक्रम मंदिरों, घरों, आश्रमों में, सभी संस्थान ऑन में हूं ऐसा कार्यक्रम संपूर्ण समाज को एकजुट होकर करना होगा शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से सेवा भारती प्रयाग के अध्यक्ष सुजीत सिंह, जिला प्रचारक अतुल, विभाग संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद अंशुमान, राजेश मिश्रा, दशरथ, सुरेश अग्रवाल, गुरु प्रकाश राव, अजय गुप्ता, विधायक पियूष रंजन निषाद, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष जमुना पार सविता शर्मा, संकर्षण पांडे, विष्णु कांत, डब्लू जायसवाल, टुनटुन पांडे, राजेश साहू सहित हजारों की संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० योगेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वारा किया। मुख्य अतिथि अमरनाथ गुप्ता ने छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खिलाड़ी छात्रों को प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती किया जा रहा है। खेल शिक्षक राकेश श्रीवास्तव कार्यक्रम के आयोजक रहे। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, ऊंची कूद, त्रिकूद,गोला फेंक, डिस्कस, थ्रो आदि का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। दौड़ के विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहे छात्रों में रमेश कुमार सीनियर वर्ग 1500 मीटर, राहुल



यादव 400 मीटर, सत्यम यादव 100 मीटर, 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अमन कुमार 800 मीटर, 100 मीटर, 200मीटर में प्रथम स्थान जूनियर वर्ग में , डिस्कस फेंक में महेंद्र पटेल जूनियर वर्ग में प्रथम, लंबी कूद में मनीष कुमार सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान तो वहीं जूनियर वर्ग में हरीभूषण प्रथम स्थान पर रहे, त्रिकूद में सत्यम सीनियर वर्ग में प्रथम, संजय कुमार जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा जीतने वाले खिलाड़ियों को मेडल भी पहनाया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक ,राजेश द्विवेदी, कमलेश अवस्थी,डा० देवेंद्र शुक्ला,अचलेंद्र जायसवाल, कुसुम शुक्ला,शिल्पा यादव, अखिल कुमार, राजेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार, दयाशंकर यादव, दयाशंकर सिंह,विकास केसरी, मुन्ना सिंह तोमर सहित विद्यालय के शिक्षक व सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

## निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

**जारी।** क्षेत्र में दिन शुक्रवार को वर्मा डेण्टल क्लीनिक द्वारा जारी बाजार (बैंक ऑफ बड़ौदा) के सामने निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन इंडियन डेंटल मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश सचिव डॉक्टर सचिन प्रकाश एवं बलराम मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर आयोजक डॉ सुबेन्द्र कुमार वर्मा (बी.डी.एस.) ने बताया कि शिविर क्षेत्र की जनता को दांत सबंधित समस्त रोगों के कारण व निवारण के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से किया गया है। शिविर में शहर के जाने माने दन्त चिकित्सक डॉ अरुणेश मिश्रा ,डॉ सौरभ श्रीवास्तव, डॉ वी के वर्मा, के सहयोग से जारी बाजार में क्षेत्र के आस पास के कई गाँवों के सैंकड़ों मरीजों के दाँतों की निःशुल्क जाँच एवं बीपी, शुगर की जांच एवं दवा कंपनियों द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण करके सही सही जानकारी चिकित्सकों द्वारा दी गई। शिविर में चिकित्सकों ने दाँतो की सुरक्षा तथा देखभाल से सम्बंधित आवश्यक जानकारी मरीजों के साथ-साथ उपस्थित सभी लोगों को दी गई। डॉ सुबेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि दाँत शरीर का आवश्यक अंग होने के साथ साथ चेहरे की सुन्दरता भी बढ़ाता है इसलिए दाँत सम्बन्धी रोगों में बिल्कुल लापरवाही नही करना चाहिए। जंगबहादुर सिंह , बिहारी लाल जायसवाल, ग्राम प्रधान पति मोतीलाल कुरील, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र (बबलू) केसरवानी, विनोद केसरवानी, नीरज श्रीवास्तव, कमलापति त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी, आदि रहे।

# प्रशासन के आदेश को दबंगों ने किया दरकिनार कूड़ा घर की भूमि पर जमा लिया कब्जा

**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत कैथी में प्रस्तावित सरकारी कूड़ा घर की भूमि पर गांव के कुछ दबंग लोगों द्वारा छप्पर डाल कर कब्जा जमा लिया है जिससे सरकारी कार्य में रुकावट पैदा हो गई है, सरकार द्वारा विकास खंड के प्रत्येक गांव में एक कूड़ा घर संग्रह केंद्र बनाए जाने की योजना संचालित की गई है, इसी क्रम में पांच से दस लाख रुपए की लागत से बनने वाले कूड़ा घर से गांव का कचरा संग्रह केंद्र स्थापित किए जाने की योजना है, प्रधान सुनील कुमार ने एसडीएम एवं पुलिस प्रशासन करछना को शिकायत दर्ज कराई है कि गांव कैथी में कूड़ा संग्रह केंद्र की लगभग सरकारी जमीन 6 बीघा लगभग करोड़ों रुपए की कीमत की है जों खली भूमि है जिस पर पांच विश्वा भूमि पर कूड़ा घर बनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया था जिसके लिए शासन द्वारा धन भी स्वीकृत हो गया है प्रधान की शिकायत पर राजस्व टीम 19 दिसंबर को पैमाइश के लिए गांव उक्त भूमि पर गई थी जिस पर दबंगों द्वारा पैमाइश में बाधा डालकर प्रधान को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया और दूसरे दिन रातों-रात कई दबंग उक्त भूमि पर छप्पर डालकर भूमि को कब्जा करने की नीयत से कब्जा कर लिया है जिसकी जानकारी प्रधान को होने पर 112 पुलिस को सूचना दी मौके पर जाकर काम रुकवा दिया उसके बाद फिर भी दबंग लोग प्रशासन को चुनौती देते हुए उक्त जमीन पर कब्जा जमाने का सिलसिला जारी है शुक्रवार को प्रधान ने एसडीएम करछना और पुलिस थाना में नाम जद लोगों के नाम शिकायत दर्ज कराते हुए उक्त जमीन को खाली कराए जाने की मांग की है।

## रानी देवयानी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सजाई महफिल



**शंकरगढ़।** यमुनापार के प्रतिष्ठित रानी देवयानी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधामके साथ मनाया गया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के पश्चात बच्चों ने विविध प्रकार के संस्कृतिक का?क्रम प्रस्तुत किए। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मंच पर प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की खूब सराहना की गई। राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ की इकाई रानी देवयानी पब्लिक स्कूल में स्थानीय लोगों के साथ-साथ भारी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज शिवेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यनिधान पांडेय ने की। विद्यालय की प्रगति आख्या शीतल सिंह ने पढ़ी। प्रधानाचार्य अजय प्रताप सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर देवराज सिंह, विनीता श्रीवास्तव, अमरेंद्र प्रताप सिंह, लाल विजय सिंह, अनिल मिश्र, मुनेश यादव, सुकृति, रामबोध खरवार, राम सिंह, हरिकृष्ण, डॉक्टर बृजेश, वकील प्रसाद शुक्ल, सुनील कुमार सिंह, सुरेंद्र, शैल त्रिपाठी, लाडली देवी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# जुर्रत : भू माफियाओं ने पुलिस राजस्व टीम को दिया झटका

तहसील कोरांव के ग्राम सभा अल्हवा का मामला,सीमांकन नष्ट कर जोत बो ली गई सरकारी जमीनें, अपर आयुक्त और एडीएम वित्त एवं राजस्व ने भी एसडीएम तहसीलदार कोरांव को दे चुके हैं आदेश

**कोरांव।** सरकार और हाईकोर्ट भले ही ग्राम समाज की जमीनें अतिक्रम मुक्त कराने का फरमान जारी कर रखा है किंतु राजस्व प्रशासन आगे आगे तो भू अतिचारी पीछे पीछे नजर आ रहे हैं। तहसील कोरांव के ग्राम सभा अल्हवा में भू अतिचारियों ने ग्राम समाज की बंजर,नवीन परती, चकमार्ग, रास्ते, मुख्य मार्ग तथा पट्टेदारों की जमीनों पर अवैध रूप से कई साल से कब्जा कर रखा है। किंतु भू अतिचारी परिवार के ग्राम प्रधान नियुक्त होने के कारण सरकारी जमीनें न तो कोई छोड़ता था और न ही किसी पट्टेदारों की जमीनों पर कब्जा देते थे। किंतु जब से नए ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने जून माह 2021 से ग्राम पंचायत की बागडोर संभाली तब से गांव का समग्र विकास करने में जुटे हैं। साथ ही ग्राम समाज की सारी जमीनें कब्जा मुक्त कराकर ग्राम विकास कार्य के लिए नए नए प्रोजेक्ट की स्थापना करने लगे हैं। और भूमिहीन गरीब मजदूरों को समाज और विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य शुरू कर उन्हे पट्टे दिलाने में लगे हैं। मजेदार बात तो यह है कि बड़े काश्तकारों ने उक्त जमीनें कब्जा कर रखा है और वही लोग गरीबों को पट्टा देने में बाधा डाल कर राजस्व कर्मियों को दबाव और प्रलोभन में ले कर जमीनें न तो खाली कर रहे और न तो पट्टा करने दे रहे। इस विषय में प्रधान ने सीधे मुख्य मंत्री से ले कर राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त, डीएम, एसडीएम तहसीलदार आदि अधिकारी जनों को पत्राचार कर जमीनें खाली कराने की मांग कर चुके हैं। जिस पर गत सप्ताह एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज ने भी तहसील अधिकारियों कर्मियों को खरी खोटी सुनाई है और ग्राम समाज की जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए पुलिस राजस्व टीम गठित कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने को कहा है।

**क्या बोले ग्राम प्रधान**

योगी जी की सरकार में मैने यह कभी नहीं सोंचा था कि भू अतिचारी और राजस्व कर्मी इतना निडर हो सकते हैं। क्यों कि दो साल से सरकारी सार्वजनिक जमीनें मुक्त कराने और पत्तेदारों को कब्जा दिलाने के लिए तथा भूमि हिनो को पट्टे देने के लिए प्रयासरत हूं किंतु मुझ ग्राम प्रधान को तहसील के अधिकारियों का सहयोग नहीं मिल पा रहा। लेखपाल तो ग्राम प्रधानों का फोन तक नहीं उठाते। कई प्रधान इस व्यवस्था से त्रस्त हैं। किंतु भू अतिचारियों का फोन तुरंत उठाते हैं। हमने लेखपाल को बोल दिया कि मेरा गांव अच्छा न लगे तो अन्य गांव चुन लें। ग्राम सभा और राजस्व विभाग के लिए शर्म की बात हैं राजस्व टीम द्वारा पत्थर गड्डी कराने के बावजूद भू अतिचारी सीमांकन नष्ट करके फसल जोत बो लिए। और लेखपाल ने केस तक नही दर्ज कराया।

**अहद अहमद सिद्दीकी**
**ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव प्रयागराज**

,,में खुद अल्हवा ग्राम सभा के लिए टीम गठित कर रहा हूं और सारी समस्याओं को शीघ्र हल कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा हूं।,

**अजय संतोषी**
**तहसीलदार कोरांव प्रयागराज**

## न्यूज झरोखा

### आग लगने से चार बीघा धान की फसल जल कर राख



**जारी।** गुरुवार की देर रात थाना क्षेत्र के जारी चौकी अंतर्गत बरेठिया में दयाशंकर के खेत में थ्रेसर के लिए इकट्ठा की गई चार बीघे खेत की धान की फसल में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग जाने से पूरी फसल जलकर राख हो गई। दयाशंकर ने बताया कि बीती रात 11 बजे फसल से आग निकलते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। तो जानकारी हुई, ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर खाक हो गई। कौधियारा पुलिस को सूचित किया गया है।

### विश्व हिंदू परिषद की सिंगरामऊ में हुई आवश्यक बैठक



**सहसों।** सिंगरामऊ गांव में दीपक द्विवेदी जिला सहमंत्री विहिप(कार्यक्रम संयोजक अक्षत वितरण) के आवास पर विश्व हिंदू परिषद सहसों प्रखंड की बैठक की गई बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक गंगापार इंजीनियर बद्रीप्रसाद सिंह एवं जिला बौद्धिक शिक्षा प्रमुख शिव कैलास ने अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत और भगवान श्री राम चन्द्र जी के भव्य मंदिर दर्शन का निमंत्रण प्रत्येक घर तक पहुंचे इस बारे में चर्चा की गई तथा इसके लिए विहिप और संघ के पदाधिकारियों ने मिलकर न्याय पंचायत व उपखंड स्तर पर टीम बनाई जो घर घर जाकर अक्षत वितरण करेंगे। कार्यक्रम 1 जनवरी से 15 जनवरी 2023 तक चलेगा 500 वर्षो के पश्चात भगवान अपने धाम अयोध्या में विराजमान होंगे इसलिए 22 जनवरी के दिन समस्त देशवासी भव्य दीपोत्सव मनाएं और अपने ग्राम सभा के प्रत्येक मंदिर को सजाएं और पुजन का कार्यक्रम कर प्रसाद या भंडारे का आयोजन करें। कार्यक्रम में जिला मंत्री विनेक जी, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष, विभाग प्रमुख गोरक्षा प्रियांशु तिवारी, किशन शुक्ल, पंकज तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक शुक्ल, पवन सिंह , हर्षित तिवारी, सहित जिले के आदि पदाधिकारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

### मोदी गारंटी बैंक संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया



**नैनी।** नैनी मोदी गारंटी बैंक संकल्प यात्रा का स्वागत अभिनंदन नैनी सब्जी मंडी कार्यालय से लेकर पूरे नैनी में किया गया पार्षद मयंक यादव, उपाध्यक्ष जिला किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव, के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया इस अवसर पर महानगर कार्य समिति सदस्य नितिन केसरवानी पूर्व बबलू मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा भाजपा नेता प्रदीप तिवारी भाजपा नेता शशांक पांडे दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर संयोजक सुनील विश्वकर्मा सामाजिक कार्यकर्ता सुनील केसरवानी सुधीर शर्मा नित्यानंद मिश्रा रमेश पटेल के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

### शपथ के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सहसों।** विकास खण्ड बहादुरपुर के प्राथमिक विद्यालय ग्राम सभा उमरी स्थित खेलकूद मैदान पर शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम प्रधान शान्ती देवी की अध्यक्षता में गांव में प्रभात फेरी के पश्चात प्रचार एवं यात्रा वाहन में लगे डिजिटल पर्दे पर विकसित भारत संकल्प के बारे में ग्रामीणों को दिखाया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, अमृत सरोवर सहित आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दिखाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, महिला समूह सखी योजना सहित आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों, नवयुवकों एवं छात्रों को विकसित भारत संकल्प के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से एडीओ एजी राज कुमार सिंह, निशा पांडे, एडीओ एसटी कमलेश कुमार, जय प्रकाश दूबे, राजधर दूबे, संजय सिंह, राजेंद्र यादव, सूरज कुमार, अंकित सरोज राज, राजेश सरोज, महेश पटेल, निजामुद्दीन, मुजीद अहमद, महेश पटेल, अमन सिंह राजपूत, राज बहादुर पटेल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### सरकारी जमीनों पर कब्जे से बाधित योजनाओं से प्रशासन गंभीर

**विधायक संग एसडीएम राजस्व कर्मियों की बैठक संपन्न**

**करछना** विकास खंड करछना के अधिकांश ग्राम पंचायतों में विकास से संबंधित दर्जनों से अधिक अंत्येष्ठि स्थल,खेलकूद मैदान जल जीवन मिशन पेयजल योजनाएं जमीनों पर कब्जे के कारण योजनाएं बाधित चल रही है जिसको लेकर प्रधानों एवं दबंग कब्जा धारकों में विवाद के कारण पनप रहे हैं, ब्लाक से संबंधित बाधित योजनाओं की शिकायतों की अंबार लगा हुआ है, जिसको लेकर एसडीएम राजस्व कर्मियों, विधायक करछना, एवं ब्लाक प्रमुख की संयुक्त बैठक में ब्लाक मुख्यालय करछना में बैठक कर सभी विवादित बिंदुओं पर गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया,कयी महीने में जमीन विवाद को लेकर महोरी रीवा गांव में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाली अंत्येष्ठि का , इसी तरह कैथी गांव में कूड़ा घर बनाए जाने वाले स्थल पर दबंगों का कब्जा हो गया है निर्माण कार्य बंद हैं ऐसी कयी कार्य है ठप जहां पर सरकारी भूमि पर दबंगों का कब्जा है निर्माण नहीं हो पा रहा है परिसर में विकास खंड चाका एवम करछना के कुछ ग्राम पंचायतों में हर घर नल जल से (राजस्व विभाग) संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं के निवारण हेतु करछना विधायक पियूष रंजन निषाद एवं एसडीएम करछना के तत्वाधान में संपन्न हुआ । इस मौके पर करछना के ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सरोज कमलेश द्विवेदी ,चाका ब्लॉक प्रमुख अनिल पटेल जी ,नायब तहसीलदार ,एलएनटी विभाग के सभी अधिकारी ,तहसील के समस्त लेखपाल व कानूनगो,पुरैनी ग्राम प्रधान सुरेश पांडेय, घोरहट पूर्व ग्राम प्रधान लक्ष्मीशंकर पाण्डेय,बस्तर पूर्व ग्राम प्रधान प्रमोद तिवारी,प्रदीप पाठक(क्षेत्र पंचायत सदस्य) नरेश सोनकर सतीश तिवारी आदि अन्य ग्राम प्रधान एवम कर्मचारी मौजूद रहे।

### हिनौती पांडेय में 20 जरूरतमंदों को मिला कंबल

**बारा।** विकास खंड शंकरगढ़ की ग्राम पंचायत लखनपुर के हिनौती पांडेय में शुक्रवार को कंबल वितरित किया गया। हल्का लेखपाल दुर्गाप्रसाद व प्रधान रामजतन ने ठंड से ठिठुर रहे जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। हिनौती के प्राथमिक विद्यालय में कंबल वितरण के दौरान ग्राम प्रधान रामजतन ने ग्रामीणों को बताया कि शासन के दिशा निर्देशानुसार कड़ाके की ठंड व सर्द हवाओं के मद्देनजर तहसील प्रशासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब व असहाय लोगों को कंबल का वितरण किया जा रहा है। लेखपाल दुर्गा प्रसाद ने कहा कि समय-समय पर शासन के निदेर्शानुसार ग्रामीण क्षेत्र के असहायों को सरकार के द्वारा सुविधा दी जा रही है। इस दौरान बीस लोगों को कंबल बांटा गया।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मांडा।** शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक कॉलेज गिरधरपुर,मांडा में दो दिवसीय तकनीकी कौशल विकास केंद्र के द्वारा उद्यम एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय आईटीआई मांडा के विभिन्न ट्रेड के छात्र-छात्राओं को दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया ।इस कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई मांडा के समस्त स्टाफ के साथ ही साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण कुमार सिंह, शिक्षक सुनील चौधरी, भार्गव मौर्य ,पवन केसरी, दिनेश कुमार, सुनील पांडेय उपस्थित रहे । वही कार्यक्रम का संचालन रजनीश उपाध्याय ने किया।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय चरण (जिसके अन्तर्गत खुले में शौचमुक्त स्थिरता के साथ-साथ ओडीएफ प्लस ग्राम बनाने हेतु जन समुदाय को जोडने के दृष्टिगत कार्य कराए जा रहे हैं) की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा ओडीएफ प्लस ग्राम की परिभाषा के बारे में बताते हुए स्पष्ठ किया गया की ओडीएफ प्लस के अन्तर्गत ग्रामों में खुले में शौचमुक्त वातावरण सृजित करना, उनमें ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन का सुरक्षित व समुचित प्रबंधन करना तथा उन्हें पूर्णरूप से साथ सुथरा और विकसित करना है। ओडीएफ प्लस के अन्तर्गत भी तीन श्रेणी बनायी गयी है। ओडीएफ प्लस उदीयमान (एसपायरिंग) के अन्तर्गत ग्राम ओडीएफ होने के साथ-साथ उसमें ठोस अपष्टि प्रबन्धन अथवा तरल अपष्टि प्रबन्धन की व्यवस्था होनी चाहिए। ओ०डी०एफ० प्लस उज्ज्वल (राइजिंग) के अन्तर्गत ओ०डी०एफ० होने के साथ-साथ दोनों ठोस एवं तरल अपष्टि प्रबन्धन की व्यवस्था होनी चाहिए तथा ओ०डी०एफ० प्लस उत्कृष्ट (माडल) के अन्तर्गत ग्राम ओ०डी०एफ० होने के साथ-साथ उसमें ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त ग्राम प्लास्टिक फ्री, कचरा मुक्त तथा वहां पर न्यूनतम स्थिर अपशिष्ट जल की व्यवस्था भी होनी चाहिए।बैठक में विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत प्रदेश की औसतन उपलब्धि के सापेक्ष मण्डल की उपलब्धियों के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कई ग्राम जिन पर उत्कृष्ट कार्य हुए है, पर भी चर्चा की गयी। इसमें प्रतापगढ़ के अन्तर्गत ग्राम हण्डौर, जहां स्वच्छता के सभी मापदण्डों पर उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं एवं उस ग्राम का नाम मुख्यमंत्री एवार्ड के लिए भी लोकल स्तर से प्रस्तावित किया गया है, पर विशेष चर्चा करते हुए वहां के उपस्थित ग्राम प्रधान के प्रयासों के लिए उनकी सराहना की गयी।समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने स्वच्छता को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक बताते हुए इसपर विशेष ध्यान देनेकोकहा। मण्डल में स्वच्छता की स्थिति को और बेहतर बनाने के दृष्टिगत उन्होंने सभी एडीओ एवं बीडीओ को कार्यालय के कार्यों का निष्पादन करने के पश्चात द्वितीय पाली में गांव का भ्रमण करते हुए वहां किए गए अच्छे कार्यों की सराहना करने तथा गलत कार्यों को इंगित करने को कहा। साथ ही पढे लिखे युवा प्रधानों तथा कुछ छोटी पंचायतों को पहले चिन्हित करते हुए उन्हें अपने ग्राम को ओ०डी०एफ० प्लस उत्कृष्ट श्रेणी मे लाने हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी डीपीआरओ 15 दिन के भीतर अपने अधीन कम से कम पांच गांव ओ०डी०एफ० प्लस श्रेणी में तैयार कर उन्हें अवगत करायें। साथ ही उत्कृष्ट श्रेणी में आये गांव का वीडियो बनाते हुए सभी को भेजा जाय ताकि अन्य ग्राम प्रधान एवं अधिकारी उससे प्रेरित हों।बैठक में निदेशक, पंचायती राज, राजकुमार समेत उपनिदेशक, पंचायती राज, एसएन सिंह एवं उपनिदेशक, पंचायती राज, प्रयागराज मंडल जयदीप त्रिपाठी समेत उन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इलाहाबाद में दो दिवसीय समता समागम का आयोजन

**प्रयागराज।** लोहिया विचार मंच के बैनर तले तथा नागरिक समाज, इलाहाबाद के सहयोग से सुरेंद्र मोहन जी की स्मृति में दो दिवसीय समता समागम का आयोजन (23- 24 दिसंबर 2023) किया गया है। 'संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे पर मंडराते खतरे और चुनौतियां' नामक विषय पर चार सत्रों में कार्यक्रम होना प्रस्तावित है। 23 दिसंबर को पहला सत्र 11:00 से 1:30 बजे तक तथा दूसरा सत्र 3:00 बजे से 5:00 तक होना है। पुनः 24 दिसंबर को पहला सत्र 11:00 बजे से तथा दूसरा सत्र 3:00 बजे से 5:00 बजे प्रस्तावित है। इस विशेष आयोजन में डॉ सुनीलम,मो. सलीम, प्रोफेसर रतनलाल, जयशंकर गुप्ता, शहनवाज कादरी, मजाहिर राना, प्रोफेसर राजकुमार जैन, अनिल जैन, हिम्मत सेठ, संदीप पांडेय, प्रोफेसर रूपरेखा वर्मा, न्यायमूर्ति टी गोपाल सिंह आदि विशिष्ट साथियों की भागीदारी होनी है। यह आयोजन इलाहाबाद के पटेल सेवा संस्थान, अलोपीबाग में किया गया है।

# जिला संयोजक के साथ मेजा के भाजपा कार्यकताओं ने लोकनिर्माण मंत्री का किया अभिनंदन




**मेजा।** भाजपा यमुनापार नमामि गंगे के जिला संयोजक डा अमरेश तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ों बाइक के साथ मेजा के भाजपा समर्थकों ने करछना पहुंचकर लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के लोकनिर्माण मंत्री का कार्यक्रम कौवा बाजार में लगा हुआ था जिसमें भाजपा यमुनापार नमामि गंगे के जिला संयोजक अपने बाइक सवार सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पहुंचे और करछना मेजा के 47 लाख करोड़ से अधिक खर्च वाले लोकार्पण व शिलान्यास के लिए जहां मंत्री जी का आभार जताया वहीं विश्वास दिलाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में प्रयागराज से भाजपा की जीत दो लाख से अधिक वोटों से होने की अपील किया। इस दौरान श्री तिवारी के साथ नीलेश तिवारी पवन सुधीर अंकुश शुभम गोरे दिव्यांश अनुज डीम तिवारी मोहित नागेश अमित विनय अंशु प्रिंस सुनील विजय एस पी तथा गोलू आदि के अलावा सैकड़ों बाइक साथ कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल की सजा, 10 लाख का जुर्माना भी



**प्रयागराज।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुमार्न की सजा सुनाई गई है। यह फैसला इलाहाबाद जिला न्यायालय की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया। विशेष अदालत ने 108 पन्नों में पूर्व मंत्री के खिलाफ फैसला दिया। भाजपा और बसपा सरकार में मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ इलाहाबाद जिला न्यायालय की एमपी एमएलए की विशेष अदालत में विचाराधीन आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। 18 जून 2013 को सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज परिक्षेत्र के निरीक्षक राम सुभग राम ने उनके खिलाफ मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया था। आरोप लगाया गया था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते अकूत संपत्ति अर्जित की थी।मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ल की अदालत ने पूर्व मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के अंतर्गत आरोप तय किया था। मामले की सुनवाई के बाद 31 जनवरी 2023 को ही फैसला सुनाया जाना था। लेकिन फैसला सुनाए जाने से पहले ही पत्रवाली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूर्व मंत्री की पत्नी प्रमिला त्रिपाठी और बेटी पल्लवी त्रिपाठी की आय को भी शामिल करते हुए, मां बेटी को गवाही के लिए तलब किया था। इसके कारण फैसला टल गया था। इसके बाद शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। जनप्रतिनिधि कानून की धारा 8(3) के मुताबिक यदि किसी व्यक्ति को दो साल या उससे ज्यादा की सजा होती है तो वह अयोग्य हो जाएगा। जेल से रिहा होने के छह साल बाद तक वह जनप्रतिनिधि बनने के लिए अयोग्य रहेगा। इसकी उपधारा 8(4) में प्रावधान है कि दोषी ठहराए जाने के तीन माह तक किसी जनप्रतिनिधि को अयोग्य करार नहीं दिया जा सकता है। और दोषी ठहराए गए सांसद या विधायक ने कोर्ट के निर्णय को इन दौरान यदि ऊपरी अदालत में चुनौती दी है तो वहां मामले की सुनवाई पूरी होने तक उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अवसर पर कर्मयोग एवं सड़क सुरक्षा के सम्बंध में गोष्ठी का किया गया आयोजन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) के सभागार में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत गीता ज्ञान, सड़क सुरक्षा और कर्मयोगी मिशन पर लोक संवाद विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव परिवहन एल0 वेंकटेश्वर लू के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रो0 हरी राम मिश्रा, रामकृष्ण गोस्वामी अध्यक्ष भारतीय चरित्र निर्माण संरचना नई दिल्ली, श्री कपिला नंद चतुवेर्दी, प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने भी गोष्ठी में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एल0 वेंकटेश्वर लू ने कर्मयोग, सड़क सुरक्षा एवं गीता शिक्षा पर विस्तार से बताते हुए इनके अंर्तसम्बंधों को भी बताया। उन्होंने कहा कि भगवद् गीता में सबकी सुरक्षा की गारंटी से सम्बंधित विषयों का समावेश है। सबको भगवद् गीता का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को प्रमाणिकता के साथ अपने कार्य को लगन और निष्ठा के साथ करना चाहिए। गीता में कर्मयोग के बारे में बताया गया है।

**प्रमुख सचिव परिवहन ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ**



कर्मयोग से व्यक्ति में वैचारिक शुद्धता, त्याग की भावना, राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति विकसित होती है, जिससे व्यक्ति समाज सेवा से जुड़ता है। कर्मयोग से ही मानसिक नियंत्रण रख सकेंगे एवं सड़क सुरक्षा व समग्र सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही शिक्षा एवं संस्कार दिया जाना चाहिए। कहा कि अधिकारी, कर्मचारी व सभी व्यक्तियों को अपने कर्म को ठीक ढंग से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों का सहयोग करना चाहिए तथा दूसरों से सहयोग भी लेना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति के मन, वचन, कर्म एवं वाणी में एकता होनी चाहिए। कहा कि शास्त्रों में सटीक जीवन के बारे में बताया गया है। शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए एवं उसके अनुसार अपना आचरण करने का प्रयास करना चाहिए। सड़क सुरक्षा के बारे में उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। कहा कि जो भी कार्य करें, सावधानी के साथ करें। शराब का सेवन करके वाहन नहीं चलाना चाहिए।मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। उन्होंने गीता शिक्षा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गीता शासन, प्रशासन व अनुशासन का केन्द्र बिंदु है एवं न्याय धर्म की आत्मा है। उन्होंने कहा कि गीता के कर्मयोग का ज्ञान सबको होना चाहिए। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली के प्रो0 हरी राम मिश्रा ने कहा कि मन को वश में करना चाहिए। अभ्यास से मन को निग्रह किया जा सकता है। कर्मयोग से ही ज्ञान योग प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय चालक को अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए। शराब का सेवन करके वाहन नहीं चलाना चाहिए। यातायात के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए, इससे दुर्घटनाओं को रोकने में काफी सहायता मिलेगी। प्रो0 प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता में वह सभी चीजें हैं, जो हमारे लिए आवश्यक है। प्रमुख सचिव ने गोष्ठी में उपस्थित लोगो को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए कहा कि ह्यह्यप्रतिज्ञा करते हैं कि हम, सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षित याता हेतु सदैव हम यातायात सम्बंधी समस्त नियमों का पालन करेंगे। हम बिना 18 वर्ष की आयु पूर्ण किये तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किए वाहन का संचालन नहीं करेंगे। हम बिना हेल्मेट के मोटर साइकिल/स्कूटर नहीं चलायेंगे। हम चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करेंगे। हम पायदान या दरवाजों पर लटककर याता नहीं करेंगे। हम कभी भी नशे की स्थिति में वाहन का संचालन नहीं करेंगे। हम वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे। हम वाहन चलाते समय स्टन्ट नहीं करेंगे। हम अत्यधिक तेज गति में वाहन नहीं चलायेंगे। हम दो पहिया वाहन पर ट्रिपलिंग नही करेंगे। हम वाहन चलाते समय सेल्फी नहीं लेंगे। हम लोगो को यातायात नियमों के पालन करने हेतु प्रेरित करेंगे। हम वाहन चलाते समय पैदल एवं साइकिल यात्रियों को सम्मान प्रदान करेंगे। हम सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे।

# निपुण भारत मिशन को गति देने के लिए डा0रीनू का सीमैट डायरेक्टर ने ज्ञापित किया धन्यवाद



**प्रयागराज।** एडुस्टफ समूह उप्र बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उ.प्र. के तत्वाधान मे दो दिवसीय प्रादेशिक कार्यशाला सातत्य का आयोजन प्रायगराज के सारस्वत पैलेस में सम्पन्न हुआ। 20 और 21 दिसम्बर तक हुए कार्यशाला की मेजबानी बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में सह संयोजिका एडुस्टफ रीनू जायसवाल के नेतृत्व में एडुस्टफ टीम प्रयागराज द्वारा की गई। इस कार्यशाला में एडुस्टफ समूह की संयोजिका प्रीति श्रीवास्तव और सह संयोजिका सविता सिंह की उपस्थिति रही। इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी 75 जिलों से शिक्षक और शिक्षिकाएं अपने नवाचार का आदान प्रदान करने के लिए आए। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारंभ अशोक कुमार सिंह सी टी ई प्राचार्य एवं डायट प्राचार्य प्रताप गढ़ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रायगराज प्रवीण कुमार तिवारी ,रामेश्वर तिवारी,मनोज त्रिपाठी और वीरेंद्र कनौजिया की उपस्थिति से ₹सातत्य₹ कार्यशाला की शोभा बढ़ी। राज्य टीम एडुस्टफ एवं एडुस्टफ टीम प्रयागराज के एक संक्षिप्त परिचय के पश्चात कार्यशाला के प्रथम दिवस में विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों द्वारा पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसके द्वारा सभी शिक्षकों में नवाचारों का आदान-प्रदान हो सका। इसी के साथ पूरे प्रयागराज से उत्कृष्ट टी एलएम मॉडल, क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई। सभी अधिकारियों द्वारा सभी टी एल एम की सराहना की गई।कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सीमैट निर्देशक दिनेश कुमार सिंह, आंग्ल भाषा संस्थान के प्राचार्य स्कन्द शुक्ल,बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी,एबीएसए ओम प्रकाश मिश्र द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीमेंट के निदेशक ने कहा कि संगम की धरती पर लुप्त सरस्वती आज यहां सारस्वत पैलेस में विद्यमान है मां वाग्देवी के मानस पुत्रों के साक्षात स्वरूप शिक्षकों ने जिस प्रकार से अपने प्रयासों को, बच्चों के बीच किये जा रहे कार्यों को, निपुण विद्यालय की अपनी संकल्पना को यहां पर प्रस्तुत किया है इससे हम सब बहुत उत्साहित और प्रेरित है स्कन्द शुक्ला ने शिक्षक समूह एडुस्टफ की सराहना करते हुए इस प्रकार के कार्यों को निरंतरता के साथ हर जनपद में आयोजित किए जाने की मंच का संचालन आकांक्षा शंखधर द्वारा किया गया। अतिथि गण का अभिवादन डॉ रीनू जायसवाल और प्रीति श्रीवास्तव एवं सविता सिंह द्वारा बैज अलंकरण कर किया गया। कार्यशाला में प्रयागराज के खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कनौजिया,अरुण कुमार अवस्थी, ओपी मिश्रा एवं श्रीमती प्रज्ञा सिंह मौजूद रहे। प्रतिभाग किए गए शिक्षको मे धीरज सिंह, हरिओम श्रीवास्तव ,प्रतीक्षा त्रिपाठी,आशिया फारुखी, राम शरण शाक्य, प्रवीण कुमार, प्रकाश पाठक, मदनेश मिश्र, अखिलेश बाजपेयी प्रयागराज नगर से अनीता सोनकर, हिना श्रीवास्तव , रश्मि मिश्रा, सीमा सिंह, गीता देवी, अशोक द्विवेदी,अफरोज खातून, आकांक्षा शंखधर, कुसुम लता श्रद्धा ,सुधा आर्य, प्रवीणा आर्या, सीमा देवी, गायत्री, नीलकमल, शहला, एआरपी अनीता सोनकर, सत्येन्द्र द्विवेदी, सुधीर पांडे, शशिकांत सिंह अरविंद कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## माफिया अतीक के वकील विजय मिश्र पर दो मुकदमों में चार्जशीट, सही मिले रंगदारी मांगने के आरोप

**प्रयागराज।** अतीक अहमद की पैरवी करने वाले अधिवक्ता विजय मिश्रा पर दो मुकदमों में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इनमें से एक उमेश पाल हत्याकांड जबकि दूसरा लकड़ी कारोबारी से तीन करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला है। विजय लगभग पांच महीने पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस कस्टडी के दौरान अतीक के करीबी वकील खान सौलत हनीफ ने विजय मिश्रा का नाम लिया था। आरोप लगाया था कि हत्या वाले दिन उमेश के कचहरी से निकलने की सूचना उसके सामने विजय मिश्रा ने अशरफ और असद को अपने फोन से इंटरनेट कॉल के जरिये दी थी। इसके बाद ही उमेश पाल हत्याकांड में विजय का नाम खोला गया। विवेचना के दौरान आरोप सही मिले और इस आधार उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई।उधर अतरसुइया थाने में दर्ज केस में लगाए गए रंगदारी मांगने के आरोपी भी विवेचना के दौरान सही मिले। पुलिस ने उस ऑडियो की फोरेंसिक जांच कराई जिसमें स्पष्ट हुआ कि उसमें जिन दो लोगों की बातचीत सुनाई दे रही है, उनमें से एक आवाज विजय की है। इसके बाद रंगदारी मांगने व धमकी देने के आरोप में चार्जशीट लगाई गई। दरियाबाद निवासी लकड़ी व्यवसायी सईद अहमद ने यह मुकदमा लिखाया था। आरोप लगाया कि विजय मिश्रा करीब सवा लाख रुपये की प्लाई और माइका उधार ले गया था। 17 अप्रैल को बकाया मांगने पर उसने फोन पर गालियां दीं। धमकाते हुए फोन रख दिया। 20 अप्रैल को फोन कर अतीक अहमद व उसके गुर्गों के नाम पर तीन करोड़ की रंगदारी मांगी। न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।



## नैनी प्रयागराज हैंडबॉल संघ के 8 खिलाड़ियों का चयन किया गया

**नैनी।** नैनी 22 से 25 दिसंबर तक आयोजित जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता बाराबंकी उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान मैं आयोजित हो रहा है जिसमें नैनी प्रयागराज हैंडबॉल संघ के 8 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमें अनुभव सिंह को कप्तान शैलेश गौड़ ,उत्कर्ष तिवारी ,सागर शर्मा ,सौरभ निषाद, आर्यन सिंह ,आर्यन यादव, आदर्श सिंह, तथा प्रशिक्षक के रूप में संघ के राजकुमार सिंह को नियुक्त किया गया है संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि उक्त टीम प्रतिभा करने हेतु बाराबंकी के लिए रवाना हो चुकी है टीम के चयन पर नैनी के खिलाड़ियों को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उपक्रीड़ा देवी प्रसाद क्षेत्रीय खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व प्रयागराज हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी बी एन दीक्षित, योगराज मिश्रा, दिनेश कुमार, मिश्रा गोविंद, कुमार निषाद, खिलाड़ी सचिन रावत, अनुपम सिंह, राजन पांडे, विनय मिश्रा, के के चौबे,अतुल सिंह, मयंक दीक्षित, ने हार्दिक बधाई दी।

# जनसुनवाई व शिविर का किया गया आयोजन



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा शुक्रवार को जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पंचायत सभागार में जन सुनवाई व शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रीती भरद्वाज दलाल सदस्य, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गयी तथा राज्य बाल अधिकार आयोग के सदस्यगण श्रीमती निर्मला पटेल, ई0 अशोक यादव व संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों से जुड़ी योजनाओं व कार्यक्रमों के शिविर स्टाल लगाये गये इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प में आने वाले बच्चों एवं अन्य जरूरतमंद लोगो के स्वस्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करनें के लिए कैम्प लगाया गया। लीड बैंक मैनेजर द्वारा बच्चों के खाते खोले जाने संबंधि कैम्प तथा डाक घर द्वारा आधार कार्ड बनवाये जाने की सुविधा कैम्प में बच्चों को उपलब्ध कराया गया। पीठ की जन सुनवाई के दौरान बच्चों के योजनाओं एवं उनके अधिकारों से जुडे 151 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिस पर सदस्य द्वारा सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 05 दिव्यांग बच्चों को ब्रेल किट तथा 05 दिव्यांग बच्चों को हियरिंगएड वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त 10 प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को निपुण लक्ष्य दक्षताओं की प्राप्ति, शिक्षण अधिगमन एवं अन्य गतिविधियों मे सरहनीय प्रदर्शन के लिये प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा सदस्यगण के द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में जिला प्रशासन एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा सदस्यगण एवं एनसीपीसीआर के सलाहकार को स्मृति चिन्ह व शाल भेट कर उनका अभिवादन किया गया तत्पश्चात सदस्य राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के अनुमति से पीठ की बैठक एवं शिविर आयोजन का समापन किया गया।

## पक्षकार को सुने बिना एकतरफा आदेश पास करना सही नहीं, पारित आदेश को किया रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत परिवार न्यायालय दूसरे पक्षकार को सुने बिना एकतरफा आदेश पारित नहीं कर सकता है। कोर्ट ने याची के खिलाफ परिवार न्यायालय आगरा द्वारा पारित आदेश और भरण-पोषण के बकाए की रकम को वसूली करने के वारंट को रद्द कर दिया। परिवार न्यायालय आगरा को निर्देश दिया कि वह मामले की फिर से सुनवाई करते हुए छह महीने में भरण-पोषण की अर्जी को नए सिरे से निस्तारित करें। हालांकि, कोर्ट ने याची को उससे अलग रह रही उसकी पत्नी और नाबालिग बेटे के भरण-पोषण के लिए पांच हजार रुपये प्रतिमाह और एक लाख रुपये बकाए की राशि का भुगतान करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने ललित सिंह की पुनर्विचार याचिका पर को निस्तारित करते हुए दिया है। याची की पत्नी उत्पीड़न के आरोप में अलग रहने लगी और उसने आगरा परिवार न्यायालय के समक्ष भरण-पोषण की अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए पत्नी को छह हजार और नाबालिग को तीन हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश पारित किया। इसके साथ ही दो लाख, 52 हजार रुपये भरण-पोषण की बकाया राशि के भुगतान का आदेश दिया।

# मऊआइमा काशीराम कॉलोनी में पानी की मारामारी, टैंकर से पहुंच रहा है पानी

**बाहरी तत्वों को भगाने और गैर कानूनी ढंग से रह रहे लोगों को भगाने की मांग**





**मऊआइमा।** मऊआइमा के काशीराम आवास में पानी की टंकी की मोटर महीने से खराब है। जिससे लोगों को पेयजलापूर्ति हेतु काफी दिक्कत हो रही है। टैंकरों से पानी पहुंचाने की मांग करते हुए बाहरी तत्वों को भगाने की मांग की गयी है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों को निवास के लिए तत्कालीन मायावती सरकार ने कांशीराम आवास गुलकाईपुर में निर्मित कराया था।बताते हैं कि शुरूआत में लोगों को काफी हर्ष हुआ।बताते हैं कि बाद में नगर पंचायत के एक दर्जन परिवार ही रह गए शेष नगर पंचायत में बने अपने मकानों में रहने लगे। बताया गया है कि कुल 418 आवासों में अधिकांश खाली पडे हैं। दरवाजा खिडकी उखड चुके हैं। अधिकांश बाहरी अराजकतत्वों का बसेरा है।विगत वर्ष इसी आवास में एक की हत्या हुई थी। आरोप है कि खाली पडे आवासों में बदमाशों,जुआडियों, लुटेरों का बसेरा बना हुआ है। जो लोग रह रहे हैं वह सहमे हुए हैं। बताया गया कि पानी की टंकी की मोटर जल जाने से पेयजल की बडी फजीहत होने पर नगर पंचायत, द्वारा टैंकरों के जरिए पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जिससे पानी की मारा मारी मची है। करोड़ों खर्च करके बने सरकारी आवास ठेकेदारों के कमीशन का भेंट चढ़ जाने से लावारिस पडा है। इस बाबत अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि काशीराम आवास कॉलोनी नगर पंचायत को हस्तांतरित नहीं की गई है। फिर भी नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई व दूसरी सुविधाओं को कॉलोनी में उपलब्ध कराया जाता है। पानी की मोटर खराब है जिसके चलते जल निगम के अधिकारियों से बात की जा रही है। कॉलोनी निवासियों को टैंकर के जरिए पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सांसदों के अलोकतांत्रिक निलम्बन के विरोध में गरजे इण्डिया गठबंधन के नेता

### इण्डिया गठबंधन के बैनर तले कचहरी में हुआ विशाल धरना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर इंडिया गठबंधन की हुई बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार विपक्ष के 142 सांसदों के अलोकतांत्रिक निलंबन के विरोध में सपाइयों ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय मीराभवन से चलकर अम्बेडकर चैराहा पहुंचे जहां पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय की अध्यक्षता व महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी के संचालन में विशाल धरना दिया गया। इस दौरान आयोजित धरना प्रदर्शन सभा को



कचहरी में विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन देते इण्डिया गठबंधन के नेतागण

संबोधित करते पूर्व एमएलसी एस पी पटेल ने कहा कि रोजगार की व्यवस्था इस सरकार में नहीं है और संसद भवन में इनकी अत्याचार पूरी दुनिया देख रही है,जिसका जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर देगी। इस मौके पर पट्टी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम सिंह पटेल ने इस कृत्य को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर आर के वर्मा ने कहा कि इस सरकार ने छात्रों के लिए कुछ नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी व विकास के मुद्दे पर सरकार निरंकुश है। इंडिया गठबंधन के बैनर तले मौजूद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि हमारी एकजुटता ही हमारी ताकत है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय व सीपीएम के जिला अध्यक्ष रामबरन सिंह शामिल होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाया। और इंडिया गठबंधन के बैनर तले एडीएम से विरोध जताते हुए 141 सांसदों के निलंबन पर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम पर ज्ञापन दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष वासिफ खान, राजकुमार यादव, जावेद खान, विधानसभा अध्यक्ष, अहमद अली, राम बहादुर पटेल, रामधन यादव, आर के भीम, शांति सिंह गीता यादव, राजकुमारी सरोज, शबनम बानो, उर्मिला यादव, रमेश पाठक, अनिल यादव, विनय सिंह, गुलफाम खान ,शफात खान, तबारक हुसैन इदरीसी, सुरेश यादव, मनीष पाल, सुरेश जायसवाल, रामाशंकर यादव, लक्ष्मी रमन सरोज, हरीश शुक्ला रमेश पाठक व मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता अलंकरण समारोह का आयोजन आज, आयेंगे प्रमोद तिवारी व मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों की शुक्रवार को हुई बैठक में अधिवक्ता अलंकरण समारोह की तैयारियों की रूपरेखा तय की गयी। आज शनिवार को अपरान्ह एक बजे से तहसील परिसर में होने वाले समारोह में राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी बतौर अतिथि शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने अधिवक्ताओं से कार्यक्रम की सफलता को लेकर सहयोग मांगा। बैठक का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी तथा उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने बैठक का संयोजन किया। कार्यक्रम के संयोजन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम में विधिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए स्थानीय एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कार्यक्रम में शामिल होने वाले अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर अश्विनी पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, नीलेश तिवारी, सत्यम त्रिपाठी, अनिल तिवारी, नवनीत पाण्डेय, हरि नारायण पाण्डेय, इमरान खॉन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। इधर शनिवार के कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार से ही अधिवक्ताओं ने तैयारियों को लेकर कड़ी मशक्कत शुरू की। तहसील परिसर की साफ सफाई व अधिवक्ता शेडो के रंगरोगन के साथ कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाने में अधिवक्ताओं को उत्साहित देखा गया।

### बाल अपचारी समेत तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने चोरी की बाइक के पार्टस के साथ बाल अपचारी समेत तीन बदमाशों को धर दबोचा। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उन्हें न्यायालय भेज दिया। सांगीपुर थाना के दरोगा राज नारायण यादव शुक्रवार सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रंगौली चैराहे के समीप घेराबंदी करके हर्षपुर कोटवा निवासी विकास वर्मा व सत्यम वर्मा तथा एक बाल अपचारी को चोरी की गई बाइक को बेंचने के उददेश्य से उसके खोलकर निकाले गये पार्टस के साथ गिरफ्तार किया है। दरोगा ने बताया कि आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

## सुगतानन्द बुद्ध विहार में कल होगा धम्मप्रबोधन का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान प्रतापगढ़ के तत्वावधान में धम्मप्रबोधन के कार्यक्रम का मुख्य आयोजन सुगतानन्द बुद्ध विहार में 24 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। इसके संबंध में व्यापक तैयारियों के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गयी। उक्त आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए राकेश कनौजिया ने बताया कि नागपुर महाराष्ट्र से पूज्य भिक्खुणी साक्या धम्मादिन्ना पधार रही हैं। उनके एक दिवसीय के प्रवास पर जनपद के उपासको व उपासिकाओ द्वारा धम्म पर्व मनाए जाने का निर्णय लिया। इस आयोजन में पुलिस अधीक्षक क्राइम, प्रयागराज, एस0डी0एम0 फैजाबाद व डी0आर0एम0 प्रयागराज, पूर्व अपर शिक्षा निदेशक, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध विद्वान आचार्य राजेश चन्द्रा लखनऊ सहित सुल्तानपुर, प्रयागराज, रायबरेली गणमान्य उपासकों की शामिल होने की सहमति प्राप्त हो गई हैं। इस अवसर पर सुगतानन्द बुद्ध विहारों पर रोशनी सजावट सहित विविध आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता बहन लीलावती ने किया जिसमें सुशील दद्दू, दिनेश कन्नौजिया, आचार्य उमेश, सुरेंद्र विमल, राजेश कुमार, विजय शंकर, संजय कुमार, प्रताप बहादुर चैधरी, दिनेश सरोज, अवधेश सरोज, जगदीश, संजय गौतम, राहुलदेव, दीपशिखा, विनोद सरोज आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना क्रिसमस, सेंटा ने बांटे उपहार

### बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में मना पर्व

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को विश्वनाथगंज के बी०एल० सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान किंडरगारटन के बच्चों ने अनोखे और अद्भुत क्रिया-कलापों को प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कक्षा 7 के छात्र देवांश ने सांता ने बच्चों में टाफियां व उपहार देकर खुशियां बांटी।

स्कूल के डायरेक्टर रामजी लाल जायसवाल एवं श्याम जी



बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस की वेशभूषा में सजे बच्चे

लाल जायसवाल ने कहा कि प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिन पूरी दुनिया में धूमधाम से बनाया जाता है। वैश्वीकरण के दौर में त्योहारों की संस्कृति भी अपनी सीमाएं लांघ चुकी है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का संदेश आपस में खुशियां बांटना, खुश रहना, प्रेम व भाईचारा फैलाना है। प्रधानाचार्य मोहित पांडेय ने कहा कि इस दिन प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के त्योहार का मुख्य मकसद है बुराई को खत्म करना और अच्छे विचारों को एक दूसरे में फैलाना।

हर किसी के प्रति दया का भाव रखना। इस अवसर पर नौवीं कक्षा के अंशी, श्रेया, अंशुमान आयुष अनुभव, शिवांश, हर्ष, राज, आदि बच्चो ने खुशबू पांडेय मैम के संयोजन में क्रिसमस ट्री एवं अन्य सजावट की। इस अवसर पर संजीत दिवेदी वंदना, शिखा, बबिता, गुंजन, अनुराधा, सेजल, मुस्कान, रेशमा, अक्षय, एमपी सिंह, इमरान, रश्मि, उमंग, अनुष्ठा आदि लोग मौजूद रहे।

## रुक्मणि विवाह के अवसर पर भगवान कृष्ण की शहर में निकली भव्य बारात

### शहरवासियों ने की फूलों से वर्षा, बैण्डबाजों की घोड़ों की थाप से बढ़ी बारात की शोभा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के किशोरी सदन में श्याम बाबू खण्डेलवाल द्वारा आयोजित भागवत कथा के बीच आज रुक्मणि विवाह के अवसर पर चैक घंटाघर से किशोरी सदन तक भगवान कृष्ण की भव्य बारात निकाली गई।

भगवान कृष्ण की बारात में शहरवासियों ने भगवान कृष्ण के रथ पर जहां फूलों की वर्षा की, वहीं बाराती भी कृष्ण भगवान की जय-जयकार मनाते आगे बढ़ रहे थे। आगे-आगे घोड़े चल रहे थे और भगवान कृष्ण को दूल्हा बनाकर रथ पर बैठाया गया था।



भगवान कृष्ण की बारात में नाचती-गाती महिलाएं।

इस भव्य बारात में श्याम लाल खण्डेलवाल, विष्णु खण्डेलवाल, सुरेश खण्डेलवाल, मिथिलेश खण्डेलवाल, प्रहलाद खण्डेल वाल, विक्रांत खण्डेलवाल, विजय श्रीवास्तव, संजय झालानी, राघव खण्डेलवाल, दिन्नू सिंह, राजू, अज्जू श्रीवास्तव, सुनीता झालानी, विनीता खण्डेलवाल, बबिता खण्डेलवाल, रेखा खण्डेलवाल, विक्की शर्मा, रजनी खण्डेलवाल आदि बाराती नाचते गाते बैण्ड बाजों की धुन पर थिरक रहे थे। बता दें कि आज भगवान कृष्ण की बारात में जैसे भक्ति की बयार बह रही थी। इस बीच बारात को देखने के लिये शहर के लोग अपने घरों की छतों व बारजों से लगातार न केवल देख रहे थे बल्कि फूलों की वर्षा कर रहे थे।

### टूटा हुआ पुल बना राहगीरों के लिए मुसीबत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी राजा बाजार मार्ग पर बेनी प्रसाद सिंह सोमवंशी इंटरमीडिएट कॉलेज के पास नाले का पुल पूरी तरीके क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत होती है। वहीं विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई मरम्मत कार्य न होने से लोगों में आक्रोश है। पट्टी नगर रायपुर रोड से एक रोड राजा बाजार जाती है जो प्रतापगढ़ जनपद को पड़ोसी जनपद जौनपुर से जोड़ती है। अभी हाल में ही लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का चैड़ीकरण तथा सड़क को फिर से बनाया गया है लेकिन भरोखन बेनी प्रसाद सिंह सोमवंशी महाविद्यालय के पास नाले का पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को यहां से गुजरने पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है, वहीं भारी वाहन भी बच बचा कर निकलते हैं। ऐसा नहीं है कि विभाग को इसकी सूचना नहीं है, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई निर्णय नही लेने और कार्यवाही न होने से लोगों में आक्रोश है।

## श्रीमद् भगवतगीता से बड़ा कोई ग्रंथ नहीं: धमार्चार्य

### रामानुज आश्रम में मनाई गई श्रीमद् भगवतगीता की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा रामानुज आश्रम में श्रीमद् भगवद्गीता की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर गंगाजल से गीता जी को स्नान कर पूजन अर्चन करने के पश्चात धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि आज श्रीमद्भगवद्गीता की 5162वीं जयंती है ।युधिष्ठिर संवत 5161 युगाब्द 5124 विक्रम संवत 2080 ईसवी सन 2023 को संसार के समस्त सनातनी धमार्नुरागियों को कोटिशः बधाई।

आज से 5162 वर्ष पूर्व रविवार के दिन प्रातः 9:20 पर कपिध्वज रथ पर विराजमान नर के अवतार अर्जुन जब कुरुक्षेत्र के मैदान में मोह ग्रस्त होकर अवसाद में पड़े थे, तब नारायण के अवतार भगवान श्री कृष्ण ने



भगवत गीता का पूजन अर्चन करते धमार्चार्य ओम प्रकाश पाण्डेय।

श्रीमद्भगवद्गीता का संस्कृत में गायन कर के उपदेश दिया। श्रीमद्भगवद्गीता परम कल्याण करने वाला महान ग्रंथ है। सनातन धर्म का प्राण है। इस दौरान दास ने कहा कि यदि आपके घर श्रीमद्भगवगीता नहीं है तो श्रीमद्भगवत गीता जरूर खरीद कर लाऐ और बच्चों को उसे पढ़ाएं। आंग्ल नववर्ष आ रहा है गीता प्रेस की दुकानों पर गीता दैनंदिनी मिलती है वह वर्ष भर आपको डायरी तथा उसमें गीता के श्लोक दिए हुए हैं दोनों काम आएंगे। इस अवसर पर आप द्वारा गीता दान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरला ओझा रामानुज दासी नारायणी रामानुज दासी इंजीनियर अनामिका पांडे डॉक्टर अवंतिका पांडे डॉक्टर अंकिता पांडे इंजीनियर पूजा पांडे सीता देवी सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

### जमीन की पैमाइश के दौरान हुई मारपीट, दोनों पक्ष ने दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन की पैमाइश के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गयी। घटना को लेकर दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना के इटौरी निवासी अर्पण मिश्र प्रधान प्रतिनिधि हैं। उनके अनुसार वह इक्कीस दिसंबर को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे ग्राम पंचायत के पूरे अभिमान सिंह का पुरवा में पुलिस की मौजूदगी में राजस्व टीम से ग्राम सभा की जमीन की पैमाइश करवा रहे थे। इसी दौरान गांव के श्रीकान्त समेत दर्जन भर से अधिक लोग हमलावर होते हुए लाठी डण्डा व कुल्हाड़ी से मारपीट शुरू कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष के श्रीकान्त मिश्र ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाया है। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मामले में एक पक्ष से अजय, रामपियारे आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद दूसरे पक्ष से भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### छेडछाड़ व धमकी को लेकर पुलिस ने दो के खिलाफ दर्ज किया केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छेड़छाड़ व अभद्रता तथा धमकी को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एससीएसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे जनई गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह दिसंबर को गांव के सोनू सरोज पुत्र हरीलाल व सजन लाल यादव पुत्र राधेश्याम गांव रास्ते पर पीछा करते हुए उसके साथ जबरन छेडछाड़ व अश्लील हरकत करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक गाली देते हुए अभद्रता किया व जान से मारने की धमकी दी। घटना की जांच के बाद पुलिस ने सोनू व सजन लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## नगर पालिका सभागार में टीओटी प्रशिक्षण की हुई कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नमस्ते योजना एवं सफाई मित्र सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद प्रतापगढ़ के समस्त निकायों का एक दिवसीय टी0ओ0टी0 प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ के सभागार में अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील की अध्यक्षता में किया गया।

जिसमें मास्टर ट्रेनर सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक शुभम मिश्रा, कंप्यूटर आपरेटर स्वच्छ भारत मिशन के राजेंद्र प्रसाद और शशांक श्रीवास्तव के द्वारा प्रशिक्षण दिया



टीओटी प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद ईओ व कर्मचारीगण

गया। उक्त कार्यशाला में जनपद प्रतापगढ़ की समस्त निकायों के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न रहा।

### दहेज हत्या का वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना संग्रामगढ़ उ0नि0 दिनेश चन्द्र तिवारी अपने हमराही महिला आरक्षी पूजा यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र भ्रमण के दौरान वांछित, वारण्टी अभियुक्त की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामगढ़ के मु0अ0सं0 269/23 धारा 498ए, 304बी, 323 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के वांछित अभियुक्ता लक्खू देवी पत्नी स्व0 सूरजपाल यादव नि0ग्राम जलीलपुर, कामापट्टी थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के ग्राम अर्रो के पास नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### दो दिवसीय स्पोर्ट मीट का आयोजन कल से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वाधान में 24 और 25 दिसंबर को दो दिवासीय स्पोर्ट मीट का आयोजन जोगापुर में किया गया है। जिसमें विविध खेल होंगे। खेल में 6 से 16 वर्ष आयु के बालक और बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी दीया इंडस्ट्री के प्रोपराइटर अनुज शुक्ला ने दी है। बताया कि ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### दुष्कर्म व धोखाधड़ी के आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा की नोटिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म व धोखाधड़ी के मुकदमें में फरार आरोपित के खिलाफ पुलिस ने उसके घर पर फरारी व एनबीडब्ल्यू का नोटिस चस्पा किया। लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि डगरारा देवापुर निवासी अमरेन्द्र सिंह दुष्कर्म व धोखाधड़ी का आरोपित है। कोर्ट के आदेश पर उसके खिलाफ वारण्ट जारी है। उसके फरार होने के चलते कोर्ट के आदेश पर एनबीडब्ल्यू व फरारी की नोटिस चस्पा की गयी है। आरोपित के सरेण्डर न करने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीराम कथा का श्रवण करने से मनुष्य के सद्गुणों में मिलती है मजबूती: आचाय

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अठेहा बाजार में चल रही श्रीराम कथा में वृन्दावन से पधारे कथा व्यास आचार्य मधुर जी महराज ने श्रद्धालुओं को श्रीराम की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीराम की कथा सुनना व कहना चाहिए। इससे मनुष्य में सदगुणों में वृद्धि होती है तथा उसका जीवन मंगलकारी होता है। कथाव्यास ने कहा कि श्रीराम की कथा मनुष्य में मयार्दा व संस्कारों के गुणों में और मजबूती लाती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम की कथा का श्रवण करता है उसका लोक व परलोक सुधर जाता है। कथा प्रसंग में उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन बहुत सत्कर्मो के बाद मिलता है। ऐसे में श्रीराम की कथा का श्रवण करने से मनुष्य में सुख समृद्धि की वृद्धि होती है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सीताराम संकीर्तन से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। आयोजन समिति के लोगों ने श्रद्धालुओं का आभार जताया। इस मौके पर अवधेश ओझा, जगप्रवेश मिश्र, दयाराम सोनी, कृपाशंकर पाठक, सुनील मिश्र, राहुल मोदनवाल, बुधई चैरसिया आदि मौजूद रहे।

### जर्जर शौचालय को लेकर शिक्षकों व बच्चों ने की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लालगंज अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे दीनानाथ भवराम बोझी में बना शौचालय जर्जर अवस्था में है। इससे स्कूल के बच्चों, शिक्षकों व कर्मचारियों व खासी परेशानी हो रही है। प्रधानाध्यापिका सीमा त्रिपाठी के बुलाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रमौलि सिंह विद्यालय पहुंचे। यहां स्कूल के बच्चों ने प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अधिकारी को जर्जर शौचालय को लेकर शिकायती पत्र सौंपा। जिस पर उन्होंने अतिशीघ्र जर्जर शौचालय की मरम्मत की बात कही। इस मौके पर आर्थिक अनुसंधान केंद्र के कार्यकताओं के साथ ही स्कूल के बच्चों रीना, कामना तिवारी, रूपा, रीता, नैन्सी, महक, साहिल आदि मौजूद रहे।

# महामहिम राज्यपाल ने राजभवन से आये 02 आर0ओ0 प्लॉन्ट जेल अधीक्षक को कारागार के लिए दिया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी जिला कारागार पहुँचकर 41 महिला बन्दियों को राजभवन से आये शाल तथा महिला बंदियों के बच्चों को किताबें एवं फल वितरित किया। इसके साथ ही मा0 राज्यपाल जी ने शुद्ध पेयजल के लिए राजभवन से आये 02 आर0ओ0 प्लॉन्ट जेल अधीक्षक को जिला करागार के लिए प्रदान किया। महामहिम राज्यपाल जी ने महामाया डिग्री कॉलेज से जेल भ्रमण पर आये छात्र-छात्राओं से संवाद कर पूँछा कि आप लोग जेल भ्रमण पर आये एवं महिला बन्दियों से वातालाॅप किया, आप लोगों ने क्या देखा, क्या परखा और क्या सीखा है, जिस पर छात्र-छात्राओं ने बताया कि हम लोग महिला बन्दियों से मिलें, वे किसलिए जेल में बन्द है, जानकारी भी प्राप्त किया तथा यह भी पूँछा कि आपको अपने अपराध का पश्चाताप हो रहा है या नहीं। उन्होंने महामाया डिग्री कॉलेज के अध्यापकों से पूँछा कि आप लोगों को यहा आकर कैसा लगा, किस प्रकार की अनुभव रहीं, जिस पर अध्यापकों ने बताया कि हम



प्रदेश की महामहिम राज्यपाल जी ने 41 महिला बन्दियों को राजभवन से आये शाल तथा महिला बंदियों के बच्चों को किताबें एवं फल किया वितरित

लोगों ने देखा कि किसी भी स्थिति में अपने स्वभाव को अच्छा रखें तथा गलत कार्य करने से बचें। उन्होंने छात्रों से कहा कि जेलों में बन्द अधिकतर महिलायें दहेज के अपराध में बन्द रहती है, आप लोग आगे चलकर अपने विवाह के समय दहेज की मांग न करें, विवाह के बाद भी बहुओं से मायके से सामान या पैसा लाने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर बहुओं को मारा-पीटा या उनकी हत्या कर दी जाती है, ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप लोग भी दहेज मांगने वालों से शादी करने से मना कर देना। उन्हांने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोगों ने जो कुछ भी यहाँ देखा, परखा एवं सीखा उसे निबंध के रूप में लिखें तथा और लोगों को भी बतायें। इसके साथ ही उन्होने जीवन में कभी भी गलत न करने की प्रेरणा भी दी। मा0 राज्यपाल ने अध्यापकों से कहा कि छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें तथा उन्हें संस्कारवान बनायें। महामहिम राज्यपाल जी ने महिला बन्दियों से संवाद करते हुए कहा कि आप लोगों को किसी न किसी अपराध के कारण ही जेल में आना पड़ा है, आप लोग जब अपनी सजा पूर्ण कर जेल से बाहर जायें तब फिर ऐसी गलती न करें, जिसके कारण फिर से जेल आना पड़ें। उन्होंने पूँछा कि कितने घर में पुत्रवधू है, पुत्रवधुओं के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए, जैसे आप चाहतें है कि आपकी बेटी सुखी रहें, अच्छे घर में शादी हो, परिवार अच्छा मिलें, सास-ससुर व पति परेशान न करें, उसी प्रकार किसी के घर की बेटी आपके यहाॅ बहू बनकर आती है तो वह भी बेटी ही है, उसे भी परेशान नहीं करना चाहिए। दहेज, फ्लैट, गाड़ी आदि की माॅग नहीं करना चाहिए, माॅग किये जाने पर बहू अपने मायके से नहीं ला पाती है तो घर में लड़ाई-झगड़ा होता है, लड़ाई-झगड़ा अपराध का कारण बनता है, अपराध होने पर सरकार किसी को छोड़ती नहीं है, किसी को 05 वर्ष, किसी को 10 वर्ष, किसी को आजीवन कारावास की सजा होती हैं। उन्हांने कहा कि घर में शान्ति बनाये रखनी चाहिए। उन्होंने महिला बन्दियों से कहा कि जब आपकी सजा पूर्ण हो जाय तो घर में सुख-शान्ति के साथ रहें। बदलें की भावना मन में नहीं रखना, बदले की भावना अपराध का कारण बनती है तथा अपराध होने पर फिर से जेल आना पड़ेगा, घर बर्बाद हो जातें है, बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाता है, आपके अपराध की सजा बच्चों को भी भुगतनी पड़ती है। उन्हांने महिला बन्दियों से कहा कि जेल में कई प्रकार के प्रशिक्षण दिलाये जाते हैं, कुछ6 न कुछ हुनर जरूर सीखें, जो सीखे उसमें विशेषज्ञता हासिल कर लें, जिससे सजा पूरी करने के बाद जेल से छूटने पर अपना नया स्वयं का रोजगार भी शुरू कर सकें तथा अपना शेष जीवन खुशहाली से बितायें।महामहिम राज्यपाल जी द्वारा जेल अधीक्षक से जेल में दिये जा रहें प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि सिलाई, कढ़ाई एवं कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्यपाल जी ने कहा कि योगाभ्यास भी कराया जाय। जेल अधीक्षक ने जिला कारागार में बन रहें काउकोट की भी जानकारी महामहिम राज्यपाल जी को दी इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर, अध्यक्षा जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कड़ा धाम में माता शीतला के किए दर्शन



**कौशाम्बी।** यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन शक्तिपीठ कड़ा धाम पहुंची,उन्होंने कड़ा धाम में माता शीतला के मंदिर पहुंचकर माता शीतला के दर्शन किए,इस दौरान कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर, जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवम पूर्व विधायक साथ में मौजूद रहे। शीतला धाम में शीतला माता के दर्शन एवम पूजन के पश्चात राज्यपाल थुलगुला आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची,उन्होंने बच्चो से मिलकर प्यार जताया और उन्हे उपहार भी दिए। इस दौरान पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे।

## सीएम के आगमन को लेकर एएसपी ने किया निरीक्षण

**संदीपनघाट कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 27 दिसंबर को कौशांबी जिले के अलामचंद में आगमन को लेकर शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक सहित तमाम अधिकारियों ने हेलीपैड और अन्य स्थानों का निरीक्षण किया है संदीपन घाट थाना के हर्रायपुर पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम आलमचद में 27 दिसंबर को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का आगमन होने वाला है। हेलीपैड और स्थल के निरीक्षण के लिए अपर पुलिस अधीक्षक सीओ और अन्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर तैयारी का जायजा लेकर संदीपन घाट थाने पहुंच कर कार्यक्रम के सम्बन्ध में संदीपन घाट थाना में मीटिंग की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है।

### ट्रक ने दो पहिया सवार को मारी टक्कर एक की हालत गंभीर

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के जैन होटल के समीप नेशनल हाईवे पर आज शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने दो पहिया सवार लोगों को जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। ट्रक की टक्कर में तीन लोगों को चोटें आई है जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के सरसई गांव के रहने वाले अर्जुन उम्र तकरीबन 32 वर्ष तथा सरोज उम्र तकरीबन 28 वर्ष व ऋषभ जिसकी उम्र तकरीबन 10 वर्ष बताई जा रही है दो पहिया में सवार होकर कौशांबी जनपद के अढोली गांव जा रहे थे।

### पुलिस फोर्स के साथ कोतवाल ने किया पैदल गस्त

**कोखराज कौशांबी।** थाना अध्यक्ष कोखराज ने शुक्रवार को कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी में भारी पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल गस्त किया एसओ कोखराज इंद्र देव व चौकी प्रभारी भरवारी अपने समस्त स्टाप के साथ नगर पालिका क्षेत्र के कस्बे में पैदल गश्त कर ब्यापारियों का हाल चाल लेते रहे और तमाम बाइक सवार लोगों को जाम न लगाने की नसीहत देते रहे।

### करारी में मनाई जाएगी चौधरी चरण सिंह की जयंती

**कौशाम्बी।** 23 दिसंबर 2023 को किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती करारी में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी कार्यालय पर समय 11:00 बजे मनाई जाएगी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करें, उक्त आशय की जानकारी रालोद के प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी ने दी है।

### चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाएगी सकिपा

**कौशाम्बी** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानो की रहनुमाई करने वाले चौधरी चरण सिंह की 23 दिसंबर को समर्थ किसान पार्टी सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन बुजुर्ग चौराहा में जयंती मनाएगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी। अजय सोनी ने इस अवसर पर पार्टी के तमाम कार्यकताओं को उपस्थित होने का आह्वान किया है

## एनडी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी** भरवारी स्थित एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अभिभावकों ने इस शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में अपने बच्चों के यूनिट 2 परीक्षा का परीक्षा परिणाम देखा एनडी कान्वेंट स्कूल के किडजी के नन्हे मुन्ने बच्चों के रिजल्ट का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा गार्जियन भी अपने बच्चों के परिणाम को देखकर के काफी खुश दिखे अभिभावकों ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा में किसी भी प्रकार की लापरवाही समाज के लिए घातक हो सकती है श्री गुप्ता जी ने कहा कि स्कूल चार स्तंभ से विभूषित होता है पहले स्तंभ मैनेजमेंट,दूसरा स्तंभ शिक्षक ,तीसरा स्तंभ अभिभावक एवं चौथा स्तंभ विद्यार्थी होता है. शिक्षा प्राप्त करना हर विद्यार्थी का अधिकार होता है किसी को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता मैं



प्रयास करूंगा कि कोई भी विद्यार्थी हमारे समाज का शिक्षा से वंचित न रह जाए इस संगोष्ठी के अवसर पर संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी के आयोजन से अभिभावक और शिक्षकों के बीच मजबूत संबंध स्थापित होता है और विचारों का आदान-प्रदान होता है जिसके माध्यम से बच्चों की पढ़ाई लिखाई का आधार अधिक मजबूत होता है संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षा समाज की रीड होती है और इसमें अभिभावक और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा, कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार, बद्री विशाल शुक्ला,गायत्री चावला, रूपल मिश्रा, सिमरन वर्मा, रणजीत सिंह ,राजेश श्रीवास्तव,रुखसार खान, शैलेंद्र सिंह ,सचिन त्रिपाठी, सृष्टि सिंह, उर्वशी केसरवानी, प्रीति दुबे, आंचल वर्मा , शिवम त्रिपाठी ,हिमांशु पांडे आदि शिक्षक एवं शिक्षाएं उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### परिवार न्यायालय के जज की कार में ट्रैक्टर ने मार दी टक्कर,कार क्षतिग्रस्त,जज हुए घायल



**कौशाम्बी** जिले में तैनात परिवार न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश प्रफुल्ल कमल की कार में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार जज भी घायल हो गए,टक्कर लगते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाले में घुस गया और चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंझनपुर मुख्यालय के ब्लाक परिसर में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय का दफ्तर एवं न्यायालय है। वह किसी काम से बाहर निकले थे, इसी दौरान जज प्रफुल्ल कमल जैसे ही कार से मंझनपुर समदा रोड पर पहुंचे पीछे से आए तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। कार में टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाले में जाकर फंस गया, ट्रैक्टर के टक्कर से जज प्रफुल्ल कमल की कार पीछे व साइड से क्षतिग्रस्त हो गई। उन्हें भी मामूली चोट आई है,स्थानीय लोगों ने कार से जज को निकाल कर जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा। जहां उन्हें प्राइमरी उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### पूर्व गृहमंत्री स्व धर्म वीर की पुण्य तिथि पर बाटे गए कंबल



**भरवारी कौशांबी।** पूर्व गृह मंत्री स्व धर्म वीर जी के पुण्य तिथि पर उनके पुत्र पूर्व सांसद एवम जनसत्ता दल के प्रधान महासचिव शैलेन्द्र कुमार तथा उनके छोटे भाई एवम पूर्व विधायक सत्य वीर उर्फ मुन्ना के द्वारा स्व धर्म वीर जी की पुण्य तिथि के अवसर पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी गयी वही उनके पुत्र पूर्व सांसद एवम पूर्व विधायक द्वारा गरीबों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा सहित समाज वादी पार्टी तथा जनसत्ता दल एवम कांग्रेस पार्टी के सभी सम्मानित पधाधिकारी गण मौजूद थे वही समाज वादी पार्टी के पूर्व चेयर मैन कैलाश केसरवानी ने अपने संबोधन में कहा की स्व धर्म वीर जी हम लोगो के मार्ग दर्शक थे हम लोग आज उन्ही के ही बताए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे है। भविष्य में भी उनके बताए रास्ते पर ही चलने का प्रयास करुंगा उसके बाद अनीश चच्चा ने भी अपने संबोधन में विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अशोक कुमार सिंह इरफान अहमद रामू अग्रहरी इसरार अहमद शंभू नेता मनौरी शंकर लाल अग्रहरी वकील अहमद रेहान अहमद करीम अहमद आवेश अहमद चरन यादव रमेश विश्वकर्मा रविन्द्र पांडे सुशील आस्था शिवम सक्सेना साजन यादव आदि लोग मौजूद थे।

### नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम आयोजित

**हर्रायपुर कौशाम्बी** एन डी कन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज में नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम रखा गया तथा इस मौके पर बच्चों के द्वारा रैली निकाली गई' इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है इससे अनेक बीमारियां कैंसर ,टीबी आदि रोग फैलते हैं ,इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बच्चों व स्टाफ को शपथ दिलाई कि हम सभी ना ही नशा करेंगे ना ही किसी को नशा करने देंगे क्योंकि नशा से एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक परिवार बर्बाद हो जाता है ' इस मौके पर रामनरेश यादव ,सुनील सिंह ,अभिषेक कुमार ,जितेंद्र कुमार ,राधा रानी ,सरोज अग्रवाल ,दीपिका कुमारी नंदिता पाल ,शिवानी यादव ,आकांक्षा पाल, ममता,मनीषा विश्वकर्मा, अनिल कुमार ,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे '

## मा0 राज्यपाल जी ने की केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा

**कौशाम्बी।** प्रदेश की मा0 राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी ने उदयन सभागार में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। मा0 राज्यपाल जी ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि शत-प्रतिशत प्रसव अस्पतालों में हों, इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि 03 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकें बच्चें ऑगनबाड़ी केन्द्र में आयें, इस पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाय। उन्हांने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा के दौरान आवेदन लम्बित होने की जानकारी प्राप्त करने पर एल0डी0एम0 ने बताया कि कोई भी आवेदन लम्बित नहीं है। उन्होंने एलडीएम से कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लाभान्वित व्यक्तियां की सक्सेज स्टोरी बनायी जाय। उन्हांने कहा कि अमृत सरोवरों में बोटिंग(नौका संचालन) आदि कार्य किये जाय। उन्हांने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड देने की कार्यवाही समय से पूर्ण कर लिया जाय, जिससे समूहों को कोई भी कार्य करने में परेशानी न हो सकें। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित व्यक्तियों की सक्सेज स्टोरी बनायी जाय तथा पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के अनुभव/सुझावों को भी प्राप्त किया जाय। उन्होंने




प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि निमार्णाधीन सड़कों का निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में गॉवों के पात्र सभी व्यक्तियों का पंजीकरण कराकर विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि वृद्धावस्था पेंशन के लम्बित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय। मा0 राज्यपाल जी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए पूॅछा कि आप लोग समूह के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ा कौन-कौन से कार्य कर रहीं हैं, जिस पर महिलाओं ने बताया कि वे बैंक सखी, समूह सखी एवं विद्युत सखी के रूप में कार्य कर रहीं हैं, जिस पर मा0 राज्यपाल जी ने कहा कि बैंक सखी एवं विद्युत सखी के रूप में कार्य करते हुए स्वरोजगार से जुड़ा और भी कोई व्यवसाय करें, जिससे आपकी आमदनी में और वृद्धि हों सकें। उन्होंने विभिन्न एफपीओ से संवाद करते हुए किये जा रहें कार्यों की जानकारी प्राप्त कर कहा कि एफपीओ में और लोगों को जोड़कर इसे और बढ़ाया जाय। उन्हांने (मॉडल ग्राम) योजना की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि गॉवों में कराये जा रहें कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय, जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष-2022-23 में इस योजना के तहत 84 गॉव चयनित किये गये तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत 301 गॉव चयनित किये गये हैं। बैठक में आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि लक्षित लाभार्थी 691084 के सापेक्ष अब तक कुल उपलब्धि 492575 है, जिस पर मा0 राज्यपाल जी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कैम्प लगाकर गॉव के पात्र व्यक्तियों का कार्ड बनाया जाय तथा कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाय। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 01 जनवरी 2017 से अब तक 57672 महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका हैं, जिस पर मा0 राज्यपाल जी ने कहा कि और पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया जाय। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक कुल लाभान्वित कृषकों की संख्या-216804 है, अब तक 14 किस्त में कुल 53542 लाख रुपए कृषकों के खाते में अन्तरित किया गया हैं।बैठक में जिलाधिकारी श्री सुजीत कुमार ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से जनपद के ऐतिहासिक स्थलों की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आन्तरिक एवं वाह्य सतह की रंगाई-पुताई का कार्य, टूटे हुए शीशे/जाली, दरवाजे, जल-मल व जलापूर्ति आदि कार्य करायें गये है। जनपद के समस्त विद्यालयां में लाइब्रेरी/बुक बैंक की स्थापना की जा रहीं है, जिसमें उनकी प्रतिभा का विकास किया जा सकें।इस अवसर पर सासंद विनोद कुमार सोनकर, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### भारत समाचार के एडिटर इन चीफ बृजेश मिश्र का जिले में हुआ भव्य स्वागत

**अझुवा कौशांबी।** पत्रकार अमरेश मिश्र की पुण्यतिथि पर जनपद कौशांबी में आए भारत समाचार के एडिटर इन चीफ ब्रजेश मिश्रा का सिराथू क्षेत्र में जगह जगह लोगों ने भव्य स्वागत किया। पत्रकार स्व.अमरेश मिश्रा की शुक्रवार 22 दिसंबर को पुण्य तिथि थी, अमरेश मिश्र भारत समाचार के एडिटर इन चीफ ब्रजेश मिश्रा के भाई थे अमरेश मिश्र की सड़क दुर्घटना में 2014 को मृत्यु हो गई थी। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम निवासी अमरेश मिश्र की प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि मनाई जाती है, उस पुण्यतिथि में क्षेत्र, जिले सहित अन्य जनपदों से वरिष्ठ पत्रकार गण शामिल होते हैं। वहीं वापस लौटते समय बृजेश मिश्रा व उनके काफिले का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया है। इसी कड़ी में आदर्श नगर पंचायत अझुवा में पत्रकारों ने ब्रजेश मिश्रा को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया है। इस अवसर पर उनके स्वागत करने वालों में मान्यता प्राप्त पत्रकार अंजनी कुमार पांडेय, रमेश त्रिपाठी, डॉक्टर संतलाल मौर्य, करन सिंह भाजपा नेता, बृजेंद्र अग्रहरी पत्रकार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल जी ने जनपद कौशाम्बी के 120 ऑगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न कराया

**बच्चों के लिए आकर्षक बनाये जाने के लिए आवश्यक वस्तुओं की किट (बच्चां के लिए खिलौना, साइकिल, कुर्सी एवं मेज आदि) ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया वितरित**

**कौशाम्बी।** प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी ऑगनबाड़ी केन्द्र-थुलगुला पहुॅचकर बच्चों से संवाद किया तथा बच्चों को चॉकलेट एवं शिक्षण सामग्री वितरित किया। मा0 राज्यपाल जी को ऑगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों ने गीत सुनाया। मा0 राज्यपाल जी ने रसोई घर का निरीक्षण कर मीनू के अनुसार बच्चां को भोजन दिये जाने की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जाय। उन्हांने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत लगाये गये स्टॉलों के अवलोकन के दौरान आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पात्र लोगों का पंजीकरण कर योजना से लाभान्वित किया जाय, कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पायें। उन्हांने आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड भी वितरित किया। मा0 राज्यपाल जी ने जनपद कौशाम्बी के 120 ऑगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न तथा बच्चों के लिए आकर्षक बनाये जाने के लिए आवश्यक वस्तुओं की किट (बच्चां के लिए खिलौना, साइकिल, कुर्सी एवं मेज आदि) ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय नेंदुरा की छात्राओं ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत




किया। मा0 राज्यपाल जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम एक ऐतिहासिक भूमि पर आयोजित हुआ है। उन्हांने कहा कि ऑगनबाड़ी केन्द्र में छोटे-छोटे बच्चें आते है, जो गरीब परिवार से होते हैं। 03 से 06 वर्ष के बच्चें इसमें पढ़ते है। समय-समय पर बच्चां को वैक्सीन लगाया जाता है, जो बच्चों को बीमारियां से बचाता है। छोटे-छोटे बच्चें खेल से प्रिय होते हैं। ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चां को पौष्टिक आहार मिलता है। उन्हांने कहा कि शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है, शिक्षा का मकसद जीवन कैसे व्यतीत करना है, पारिवारिक सम्बन्ध कैसे अच्छा रखना है एवं हम जो व्यवसाय करतें ह यथा-चाहे खेती हो या पशुपालन या अन्य कोई व्यवसाय करतें है, इस व्यवसाय से आपकी आय में कैसे और वृद्धि हो, जीवन में समृद्धि आये, यह शिक्षा हमें सिखाता है, यह समझ देने के लिए हमें अपने बेटों एवं बेटियों को शिक्षा प्रदान करना चाहिए। 03 वर्ष पूर्ण कर चुका बच्चा ऑगनबाडी जाये तथा 06 वर्ष पूर्ण कर चुका बच्चा पहली कक्षा में प्रवेश लें, कोई बच्चा छूटना नहीं चाहिए, इस पर विशेष ध्यान देना है। हमारा संविधान यह कहता है कि 14 वर्ष तक के बच्चें को शिक्षा अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए, यदि नहीं मिलता है तो माता-पिता को सजा हो सकतीं है,यह हमारा संविधान कहता है। यह नहीं कहना चाहिए कि मैं नहीं पढ़ी हूॅ तो अपने बच्चों को नहीं पढ़ाऊॅगी, ऐसी चचार्यें माता-पिता बच्चों के सामने अक्सर करतें है। आपका फर्ज है, अपने बच्चां को अच्छी शिक्षा प्रदान करना तथा स्वास्थ्य के लिए अच्छा आहार प्रदान करना, आपका फर्ज है। आज 120 ऑगनबाड़ी केन्द्रों को किट वितरित किया गया है। मा0 राज्यपाल जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने खेलों गुजरात शुरू किया था तथा बच्चों को खेल के साधन व सुविधायें उपलब्ध करायी गई। जब वो प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने खेलों इण्डिया शुरू किया, बच्चें/युवक-युवतियाॅ एशियन खेल सहित अन्य अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बड़ी संख्या में देश के लिए मेडॅल लेकर आ रहें है, इसमें दिव्यांग बच्चें भी पीछे नहीं है, वे भी मेडॅल लेकर आ रहें हैं। बच्चां में कौशल है, उन्हें उंगली पकड़कर सिखाने की आवश्यकता है। उन्हांने कहा कि ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर विशेष फोकस करने की जरूरत है, ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को संस्कार मिलता है, बच्चें लिखना/बैठना सीखतें है। उन्हांने कहा कि छोटे-छोटे बच्चें, महिलायें व युवा टी0बी0 रोग से ग्रस्त हैं। प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि हम सब मिलकर 2025 तक अपने देश को टी0बी0 से मुक्त करने का कार्य करेंगे। उन्हांने कहा कि राजभवन, संस्थायें, अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति टी0बी0 रोगियों को गोद लेकर पोषण किट देने का कार्य करतें है। कम से कम 06 माह तक पोषणयुक्त भोजन मिलने से टी0बी0 के रोगी टी0बी0 रोग से बाहर निकल आतें है। टी0बी0 मरीज को प्रतिमाह रू0-500 सरकार द्वारा दिया जाता है। उन्हांने कहा कि शत-प्रतिशत प्रसव अस्पताल में हो, इसके लिए आशा, ऑगनबाड़ी व स्वास्थ्यकर्मी मिलकर कार्य करते हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा पंजीकृत निजी अस्पतालां में भी प्राप्त हो रहीं है, इसका लाभ उठायें।

### महामहिम राज्यपाल ने जिला अस्पताल पहुंचकर फल एवं बच्चो को चॉकलेट वितरित किया

कौशाम्बी प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी जिला अस्पताल पहुॅचकर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते हुए परिजनों को फल एवं बच्चो को चॉकलेट वितरित किया। इसके साथ ही उन्होंने टी0बी0 वार्ड में जाकर टी0बी0 मरीजों को पोषण किट तथा फल की टोकरी वितरित किया एवं अन्य मरीजों को भी फल की टोकरी वितरित किया। महामहिम राज्यपाल जी ने एम0सी0एच0 विंग में सर्जिकल वार्ड में भर्ती महिला मरीजों से स्वास्थ्य की जानकारी एवं उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए फल की टोकरी वितरित किया इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर, अध्यक्षा जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# जनसरोकारी राजनेता चौधरी चरण सिंह-

सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदण्ड क्या होगा इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है। लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले राजनीतिक पुरोधाओं का मूल्यांकन होगा किसान नेता चैधरी चरण सिंह सदैव याद किए जाएंगे। उनका सामाजिक-राजनीतिक अवदान दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों की चेतना को मुखरित करने के लिए याद किया जाएगा। चैधरी साहब को समझने के लिए, तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियों एवं धारणाओं को भी समझना होगा। इसलिए और भी कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के खिलाफ तन कर खड़ा होने और उसे बदलने के एवज में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को नजदीक से सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता-सिंहासन का अनवरत विरासत। एकमात्र चरित्र और राजनीतिक विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े समाज के लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है और साथ ही सामाजिक अन्याय से मुठभेड़ का माद्दा भी। चैधरी चरण सिंह इसमें सफल रहे। हाशिए पर खड़े लोगों में राजनीतिक चेतना का संचार किया और समाज में असमानता पैदा करने वाली परंपराओं और मूल्यों पर जमकर हमला बोला। राजनीति के विराट संसार में उनका प्रवेश तब हुआ जब मोहनदास करमचंद गांधी ब्रिटिश पंजे से भारत को मुक्त कराने की जंग लड़ रहे थे। 1930 में गांधी जी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान चरण सिंह हिंडन नदी पर नमक बनाकर उनका समर्थन किया। वे गांधी जी के साथ जेल की यात्रा की। दिल्ली से नजदीक गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मवाना और बुलंदशहर के आसपास क्रांति का बीज रोपा। गुप्त संगठन खड़ा कर ब्रितानी हुकुमत को चुनौती दी। इससे खौफजदा ब्रितानी ताकत उन्हें गोली मारने का फरमान सुनाया। लेकिन उनके इंकलाबी तेवर कमजोर नहीं पड़े। उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का संकल्प ठान लिया। उन्होंने डटकर ब्रितानी हुकुमत की चुनौतियों का आंलिगन किया। जनता के बीच सभा करते हुए एक दिन पकड़ लिए गए। राजबंदी के रुप में डेढ़ वर्ष की सजा हुई। किंतु इस सजा कालखंड का भी उन्होंने सदुपयोग किया। जेल में रहकर ह्यशिष्टाचारह्ल नामक ग्रंथ की रचना की जो भारतीय संस्कृति और समाज के शिष्टाचार के विविध पहलूओं का प्रकाश डालती है। चरण सिंह की अंग्रेजी भाषा पर गजब की पकड़ थी। उन्होंने ह्यअबॉलिशन ऑफ जमींदारीह्ल ह्यलिजेंड प्रोपराइटरशिपह्ल और ह्यइंडिया पॉवरर्टी एंड इट्स सॉल्यूशनह्ल नामक पुस्तकों का लेखन किया। आजादी के उपरांत वे किसानों के ताकतवर नेता बनकर उभरे और भारत के किसानों ने उनमें एक मसीहा की छवि देखी। उनकी छवि एक गंवई व्यक्ति की थी जो सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखता था। 1952 में उन्हें डा0 संपूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में राजस्व तथा कृषि विभाग का उत्तरदायित्व संभालने का मौका मिला। इस उत्तरदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। उनके द्वारा तैयार किया जमींदारी उन्मूलन विधेयक कल्याणकारी सिद्धांत की अवधारणा पर आधारित था। इस विधेयक के बदौलत ही 1 जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को उनका अधिकार मिला। लेखपाल पद के सृजन का श्रेय भी चैधरी चरण सिंह को ही जाता है। किसानों के इस मसीहा ने 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। 1960 में भूमि हदबंदी कानून को लागू कराने में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। आसमान छूती लोकप्रियता के दम पर वे 3 अप्रैल 1967 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने समाज व अर्थव्यवस्था के गुणसूत्र को बदलने का मन बना लिया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और हाषिए पर खड़े लोगों की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए। कुटीर उद्योग के विकास की नीतियां बनायी। सामाजिक समानता की स्थापना के लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उस पर ही हमला बोला। उन्होंने एक शासकीय आदेश पारित किया कि ह्यजो संस्थाएं किसी जाति विशेष के नाम से चल रही हैं, उनका शासकीय अनुदान बंद कर दिया जाएगा।ह्ल इसका असर यह हुआ कि कालेजों के नाम के आगे से जातिसूचक शब्द हटा लिए गए। उनकी बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी उनके खिलाफ मुखर होने लगे। उन पर जातिवादी, दलित और अल्पसंख्यक विरोधी होने के आरोप चस्पा किया जाने लगा। 17 अप्रैल 1968 को वे मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिए लेकिन जनमानस के नायक बने रहे। किसानों में उनकी लोकप्रियता बढ़ती गयी। मध्यावधि चुनाव में वह ह्यकिसान राजाह्ल के नारे के साथ मैदान में उतरे और विरोधियों पर शानदार जीत अर्जित की। 17 फरवरी 1970 को वे पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने कृषि में आमूलचुल परिवर्तन का रोडमैप तैयार किया। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए उर्वरकों से बिक्री कर हटा ली। सीलिंग से प्राप्त भूमि को गरीबों में वितरित किया। उनका मानना था कि ह्यगरीबी से बचकर समृद्धि की ओर बढ़ने का एकमात्र मार्ग गांव और खेतों से होकर गुजरता है। गांवों के विकास की चिंता उन्हें बराबर कचोटती थी। इसीलिए उन्होंने आजादी के बाद ही 1949 में गांव और शहर के आधार पर आरक्षण की मांग उठायी। उनका कहना था कि चूंकि गांव शिक्षा और आर्थिक तौर पर शहरों से पिछड़े हैं इसलिए गांवों को सेवाओं में 50 फीसद आरक्षण मिलना चाहिए। चरण सिंह अपनी योग्यता और लोकप्रियता के दम पर केंद्र सरकार में गृहमंत्री बने। पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने के लिए मंडल और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की।

# इंडिया गठबंधन को मिलकर मुकाबला करना होगा

संसदीय अवरोध, विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने की घटनाओं से आक्रामक हुए राजनैतिक माहौल के बीच 28 पार्टियों का इंडिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया। बैठक का उद्देश्य था कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग एवं संयोजक के नाम पर सहमति सहित कई मुद्दों पर एक राय कायम करना। लेकिन इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दल भले ही आपस में मिले, लेकिन दिल नहीं मिल पाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीति प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही है। न संयोजक और न ही प्रधानमंत्री और न ही नरेन्द्र मोदी के सामने कौन चुनाव लडे.के नाम पर सहमति बन पायी है।



आज दुनियाभर में लोकतंत्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। भारत में विपक्ष की नकारात्मक स्थितियों के कारण यह संकट ज्यादा बड़ा है। इसका कारण है विपक्ष से जुड़े संस्थानों, राजनीतिक हस्तियों और लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा। विश्वास का यह संकट तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। आज हमें विपक्षी राजनीतिक तंत्र पर मौलिक विचार मंथन के बाद पुनर्मूल्यांकन कर इन्हें पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि बदलती हुई सामाजिक एवं राष्ट्रीय जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके और सरकार एवं शासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकें जिसमें राजनीतिक प्रक्रियाओं का नहीं बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का महत्त्व हो।

इंडिया गठबंधन की प्रथम अपेक्षा है कि इससे जुड़े सभी दलों में आपसी सहमति एवं एकजुटता बने। लेकिन चौथी बैठक में ऐसा होता हुई नहीं दिखा। सबसे खास बिहार के मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन की नींव रखने वाले नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आम सहमति बनाने की अपील की, लेकिन जिस बात का डर शुरू से था वही हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐसा प्रस्ताव रख दिया, जिससे विपक्षी एकजुटता में सेंध लगी और राजनीतिक माहौल गरमा गया। ममता दीदी ने चाल चलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री/संयोजक पद के लिए रख दिया जबकि इस नाम के लिए नीतीश प्रारंभ से लामबंदी कर रहे थे। खड़गे का नाम सुनते ही ना सिर्फ नीतीश बल्कि नीतीश के नाम के पीछे अपने बेटे तेजस्वी का भविष्य तलाशने वाले लालू यादव भी नाराज हो गए। नाराजगी ऐसी कि दोनों दिग्गज लालू और नीतीश कुमार गठबंधन की बैठक के बीच से ही निकल गए और साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए। ऐसे में ये भी सवाल उठता है कि क्या गठबंधन में सिर्फ बैठकें होंगी या फिर कुछ निष्कर्ष भी निकलेगा। क्या गठबंधन लोकसभा चुनाव की कोई प्रभावी एवं सार्थक चुनावी प्रक्रिया तय कर पायेगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब 6 महीने से भी कम का समय बचा है। मोदी के रथ पर सवार बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन ऐड़ी चोटी का जोड़ तो लगा रही है, लेकिन सभी दल एक मुद्दे पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन कोरा सत्ता के लिए प्रयत्नशील हैं लेकिन लोकतांत्रिक आदर्श के लिए नहीं। ऐसा माना जाता है कि सत्ता समझौतों पर टिकी होती है और आदर्श सिद्धांतों पर। दोनों में संतुलन और सामंजस्य की स्थितियां दुर्लभ होती जा रही है। विपक्षी दल चाहे कितनी ही समस्याएं पैदा करते हों, लेकिन अगर वे अलग-अलग मुद्दों से ज्यादा नीतिगत प्रश्नों पर ध्यान दें तो उन्हीं के जरिए लोगों को आकर्षित कर सकते हैं। कोई भी दल सत्ता में आने के लिए गठबंधन तब करता है जब अकेले सरकार बनाने या जीतने की स्थिति में नहीं होता। लेकिन आदर्शवादी राजनीति सोच इसे सत्तामोह और समझौतावाद कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि सिद्धांतवादी दलों को किसी से गठजोड़ नहीं करना चाहिए, भले उसका परिणाम राजनीतिक असफलता ही क्यों न हो। लेकिन राजनीति में गठबंधन एक विवशता बनती जा रही है, क्योंकि किसी भी विपक्षी दल में सिद्धान्त एवं मूल्यों की राजनीति करने का माद्दा नहीं उभर पा रही है। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की ताकत बनना चाहिए क्योंकि इसने एकदलीय सत्ता का युग खत्म होने के बाद राजनीतिक अस्थिरता और खर्चीले चुनावों के खतरे के प्रति सचेत होकर गठबंधन की सीख बहुत जल्दी ले ली। लेकिन गठबंधन की बुनियादी सोच को विकसित किये बिना ऐसा करना जल्दबाजी एवं सत्ता मोह का निर्णय ही अधिक प्रतीत हो रहा है जिसका कोई सार्थक परिणाम आता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। भले ही विपक्षी दल सिद्धांत और विचारधारा के बदले आर्थिक विकास और व्यापार-रोजगार जैसे नारों से लोगों को लुभा लें। लेकिन ऐसा करते हुए वे अवसरवाद की पुष्टि और विचारधारा के अवमूल्यन के लिए उदाहरण ही प्रस्तुत करते हैं। ऐसे दलों के नेताओं का चरित्र एवं साख भी कोई प्रभावी रंग नहीं दिखा पाती। वे एक दल से दूसरे दल में बेहिचक आते-जाते हैं, पितृदल छोड़ कर नए-नए दल बनाते हैं। यह सब राजनीतिक विचारधारा के अंत का सूचक है।

यह देश का दुर्भाग्य है कि राजनीति में सिद्धांतों और मूल्यों की बातें मजाक होकर रह गई है। बड़ी सोच एवं बड़ी दृष्टि इन विपक्षी दलों में पनप ही नहीं पा रही है। इंडिया गठबंधन में कुछ संभावना बनी थी, लेकिन उसमें भी न तो बड़ी दृष्टि है न देश की सही समझ और न ही बड़ी लड़ाई लड़ने का दम और जीवट दिखाई पड़ता है। अगर वाकई देश को राजनीतिक विनाश के रास्ते से हटा कर सही एवं सकारात्मक रास्ते पर लाना है तो जीवट नेतृत्व की अपेक्षा है। ऐसा विपक्षी नेतृत्व उभरे जिसमें समझ और तप दोनों का समावेश हो। राष्ट्र एवं समाज को विनम्र करने का हथियार मुद्दे या लॉबी नहीं, पद या शोभा नहीं, ईमानदारी है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार, समाज, संस्था व संविधान ईमानदारी से चलते हैं, न कि झूठे दिखावे, आश्वासन एवं वायदों से। दायित्व और उसकी ईमानदारी से निर्वाह करने की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। मनुष्य हर स्थिति में मनुष्य रहे। अच्छी स्थिति में मनुष्य मनुष्य रहे और बुरी स्थिति में वह मनुष्य नहीं रहे, यह मनुष्यता नहीं, परिस्थिति की गुलामी है।

हमारा विपक्षी नेतृत्व अपने पद की श्रेष्ठता और दायित्व की ईमानदारी को व्यक्तिगत अहम् से ऊपर समझने की प्रवृत्ति को विकसित कर मर्यादित व्यवहार करना सीखें अन्यथा शतरंज की इस बिसात में यदि प्यादा वजीर को पीट ले तो आश्चर्य नहीं। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा कर-के खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? लोगों के दिलों को जीतने की राजनीति ही सार्थक परिणाम लाती है, विपक्षी दल यह बात भूल कर कब तक अंधेरे में तीर चलाते रहेंगे। विपक्षी दलों को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। भारत न केवल अपने आकार के कारण, बल्कि तेजी से बदलती दुनिया में अनुकूलन और पनपने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया की एक महाशक्ति बन रहा है, इन बदलती स्थितियों में भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती देने के लिये विपक्षी दलों को एक आदर्श मॉडल के रूप में अपनी सहभागिता देनी चाहिए। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज**
**दिल्ली-110092**

# भाषाओं की विलुप्ति से होती है सांस्कृतिक क्षति

भाषाओं की विलुप्ति, भाषाओं का खत्म होना या यूं कहें कि किसी भाषा विशेष की हानि हमेशा न केवल किसी देश की विरासत के लिए बल्कि पूरे मानव इतिहास के लिए एक बहुत बड़ी सांस्कृतिक क्षति या नुकसान होती है। भारत में लंबे समय तक(लगभग 200 सालों तक) औपनिवेशिक शासन रहा है। यही कारण है कि यहां के कानून, यहाँ के पाठ्यक्रम, यहां के शासन-प्रशासन पर अंग्रेजी के प्रभाव से भारतीय भाषाओं की स्वीकृति अपेक्षाकृत कम हुई। आज वैश्वीकरण के कारण विश्व के कई देशों से व्यापार तथा अन्य गतिविधियों के फलस्वररूप भारतीय लगातार नई भाषाएं (जर्मन ,फ्रेंच )सीख रहे हैं जिससे स्थानीय भाषाओं के प्रति उनका रुझान कम हो रहा है। हाल ही में एक शोध में यह बात सामने आई है कि दुनिया में आज आधी भाषाएं खतरे में हैं। कारण है कि आज हमारे बच्चे, हमारी युवा पीढ़ी अपनी मूल भाषा को नहीं सीखती। आधुनिकता के, पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगकर हम अपने आपको अपनी संस्कृति, सभ्यता, भाषा से लगातार दूर करते चले जा रहे हैं। भाषाएं हमारी अभिव्यक्ति का बड़ा ही सशक्त माध्यम होतीं हैं और ये शब्द मात्र तक सीमित नहीं होती हैं। कोई व्यक्ति यदि भाषा के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति देता है तो वह अपनी पहचान, अपनी संस्कृति, अपने परिवेश, अपने ज्ञान, अपनी आत्मा,अपने इतिहास, अपनी परंपराओं के बारे में हमें रूबरू करवाता है। आज के युग में भाषाओं की विलुप्ति का कारण कहीं न कहीं ग्लोब्लाइजेशन भी है । ग्लोब्लाइजेशन यानी वैश्वीकरण के इस दौर में पूरी दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति बेहतर से बेहतरीन होने तथा बेहतर से बेहतरीन पाने की कोशिश में लगा हुआ है और शायद यही कारण भी है कि वह बहुत सी अहम चीजों को भी आज लगातार विस्मृत करता चला जा रहा है। भाषा भी उन अहम चीजों में से एक है।आज विश्व की अनेक भाषाओं का तेजी से नष्ट होना बेहद चिंताजनक है। यदि यही स्थितियां बनी रहीं तो "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी" की कहावत मात्र हमारी किताबों तक सिमट कर रह जायेगी।विशेषज्ञों का मानना ??है कि जब कोई भाषा मर जाती है, तो आसपास की ज्ञान प्रणाली भी मर जाती है और विलुप्त हो जाती है। वैसे,भाषाओं को बाहरी ताकतों जैसे सैन्य, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक अधीनता, या आंतरिक ताकतों जैसे किसी समुदाय की अपनी भाषा के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण से भी कहीं न कहीं खतरा होता है। आज के समय में, अंग्रेजी और अन्य प्रमुख भाषाएं ज्ञान और रोजगार की भाषा के साथ-साथ इंटरनेट की प्राथमिक भाषा भी बन गई हैं। डिजिटल क्षेत्र की प्रमुख सामग्री अब अधिकतर अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है, और इसलिए, अन्य भाषाओं को हाशिए पर डाल दिया गया है।कोई भी भाषा हमारी दैनिक सत्यता, दैनिक चयाओं को सारगर्भित अर्थ देती है। आज जनजातीय भाषाओं का संवर्द्धन व संरक्षण बहुत जरूरी है। भाषाओं का अस्तित्व व प्रसार तभी संभव है जब हम जनजातीय भाषाओं, हमारे आसपास की विभिन्न भाषाओं, देशज भाषाओं का संवर्धन, संरक्षण करेंगे। भाषाओं का संवर्द्धन, संरक्षण वास्तव में तभी संभव हो सकता है जब हम अधिक से अधिक अपनी भाषा में बातचीत करेंगे। अधिकाधिक साहित्य लिखेंगे। वास्तव में, भाषाओं को जिंदा रखने के लिए हमें एक दूसरे समुदाय की भाषाओं के शब्दों को लेकिन आपस में विचार- विमर्श करना चाहिए। शब्दों को, साहित्य को, शब्दों के अर्थ आदि को जानने समझने का प्रयास करना चाहिए। इससे शब्दकोश तैयार हो सकते हैं, हमारे शब्द भंडार मजबूत हो सकते हैं। आज बोलियों की लिपि तैयार करने की दिशा में भी प्रयास किए जाने चाहिए, बोली की लिपि होगी तभी वह भाषा बनेगी। जब किसी बोली की लिपि तैयार हो जाती है तो वह भाषा बन जाती है। वैसे, बोली का साहित्य नहीं है तो वह भाषा नहीं हो सकती, ऐसी बात भी नहीं है। कहीं न कहीं वह भी एक भाषा ही है। सबसे बड़ी बात यह है कि हम आपसी संप्रेषण,बातचीत को हर हाल में कायम रखें। बहरहाल, यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि आज दुनिया की 2,400 भाषाओं पर एक शोध से इस बात का खुलासा हुआ है कि आधी भाषाएं आज गंभीर खतरे में हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि दुनियाभर में इस समय 7,000 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। कुछ भाषाओं को बोलने वालों की तादाद लाखों- करोड़ों में हैं, जबकि कुछ भाषाएं आज सैकड़ों लोग ही बोलते हैं। भाषा अगर प्रचलन में नहीं होती है तो वह धीरे धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती है और एक दिन ऐसा आता है कि वह समाप्त ही हो जाती है। शोधकर्ता बताते हैं कि भाषा विलुप्त होने से मानवों का अपने पूर्वजों व पारंपरिक ज्ञान से संबंध टूट जाता है। भाषाविद् भाषाई विविधता के आधार पर ही लोगों का इतिहास, विकास क्रम बताते हैं। भाषाएं खत्म होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि बच्चों को इसे नहीं सिखाया जा रहा है। वास्तव में कोई भी भाषा यदि खत्म होती है तो भाषा के साथ ही वहाँ की संस्कृति व ज्ञान का भी लोप हो जाता है, जिसकी भरपाई कभी भी नहीं की जा सकती है। किसी भी भाषा का लुप्त होना या खत्म होना अपने आप में एक बड़ी भयंकर त्रासदी इसलिए है क्यों कि भाषा के साथ ही उस स्थान विशेष की संस्कृति, ज्ञान का भी नामोनिशान मिट जाता है। भाषा से ही किसी स्थान की संस्कृति जिंदा रहती है। उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण(ग्लोबलाइजेशन) के कारण दुनिया की कई स्वदेशी भाषाओं को संकट का सामना करना पड़ रहा है। भाषाएं विलुप्त होने से स्वदेशी समुदायों के बारे में जानने का रास्ता भी बंद हो जाता है। यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 से 2032 को संयुक्त राष्ट्र ने स्वदेशी भाषाओं का दशक घोषित किया है। वास्तव में, प्रत्येक भाषा का अपना इतिहास, परंपरा और सोचने का तरीका होता है। किसी भाषा का प्रयोग जनसंख्या के किसी भू-भाग द्वारा न करने पर वह लुप्त हो जाती है और आज भाषाओं का लगातार लुप्त होना एक बड़ी चिंता का विषय है। चिंता का विषय इसलिए क्यों कि भाषा मरती है तो उस भाषा का संपूर्ण गौरव, उस भाषा विशेष में संरक्षित संपूर्ण पारंपरिक ज्ञान, संस्कृति सब कुछ नष्ट या दफ्न हो जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2010-20 के बीच ग्रेट अंडमानी परिवार की तीन भाषाएं- खोरा, बो और सारे दम तोड़ चुकी हैं। जेरू भाषा भी आज विलुप्ति की कगार पर है। ग्रेट अंडमानी भाषाओं की तरह ही भारत और दुनिया की हजारों भाषाओं पर विलुप्ति की तलवार लटक रही है। अगर हम युनेस्को द्वारा जारी ह्लएटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजरह्व को देखें तो पाएंगे कि 1950 से अब तक दुनियाभर में 230 भाषाएं विलुप्त हो गई हैं। यूनेस्को ने 2001 में पहली बार जब एटलस जारी किया था, तब 900 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा पाया था, लेकिन 2017 में अद्यतन किया गया एटलस बताता है कि ऐसी भाषाओं की संख्या 2,464 तक पहुंच गई। सबसे डरावनी बात यह है कि इनमें भारतीय भाषाओं की संख्या सबसे अधिक है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार 42 भाषाएं व बोलियां विलुप्ति के कगार पर हैं।भारत में 22 अधिसूचित तथा 100 गैर-अधिसूचित भाषाएं हैं जिन्हें एक लाख या इससे अधिक लोग बोलते हैं। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि आज इन बयालीस भाषाओं व बोलियों को बोलने वाले, प्रयोग में लाने वाले कुछेक लोग ही बचे हैं। जानकारी मिलती है कि संकटग्रस्त भाषाओं में 11 अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की हैं।

# आत्मविश्वास और बदलाव के जुनून के साथ नये साल में प्रवेश कर रहा है भारत

**- कल्याणी शंकर**

भारत अब विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश है, जिससे कार्यबल का आकार बढ़ेगा और उच्च आर्थिक वृद्धि हो सकती है। भारत को उच्च आर्थिक विकास के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। 2024 में हमें चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ेगा। इन चुनौतियों से निपटने और अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए भारत को केंद्रित रहना, अनुकूलनीय होना और साहस के साथ चुनौतियों का सामना करना आवश्यक है।

फ्रांसीसी द्रष्टा और ज्योतिषी नास्त्रेदमस ने पांच सौ साल पहले भविष्यवाणी की थी कि 2024 में जलवायु परिवर्तन के कारण भयंकर बाढ़ आयेगी। उन्होंने महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय, राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तनों की भी भविष्यवाणी की। उन्होंने चीन के साथ संघर्ष और मध्य पूर्व में युद्ध की भविष्यवाणी की और कहा कि वेटिकन में एक नया पोप और इंग्लैंड में एक नया राजा होगा।

जैसे-जैसे 2024 नजदीक आ रहा है, यह अतीत पर विचार करने और दुनिया, विशेषकर भारत के लिए भविष्य की आशा करने का समय है। अगले साल, बड़ी आबादी वाले सात राष्ट्रों सहित 40 से अधिक देशों में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं, जिससे संभावित रूप से नेतृत्व में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं। राष्ट्रपति बाइडेन और उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच आमना-सामना हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण में से एक है। राष्ट्रपति पुतिन रूस के राष्ट्रपति चुनाव में अपना पांचवां कार्यकाल चाह रहे हैं। यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की फिर से चुनाव लड़ सकते हैं, जबकि मैक्सिकन राष्ट्रपति पद के लिए दो महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। 2024 ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में होने वाले हैं। उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम के बजाय सीन नदी में एथलीटों को ले जाने वाली नावों पर आयोजित किया जायेगा। किंग चार्ल्स (तृतीय)की तस्वीर वाले बैंकनोट जल्द ही प्रसारित किये जायेंगे। नीदरलैंड के स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

जैसा कि भाजपा ने वायदा किया था, अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है। अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया गया है, और अब ध्यान समान नागरिक संहिता पर आम सहमति बनाने पर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम वार्षिक बजट पेश करेंगी।

2024 का लोकसभा चुनाव पीएम मोदी के राजनीतिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। नतीजे कांग्रेस में राहुल गांधी के नेतृत्व पर असर डालेंगे और विपक्ष की एकता की परीक्षा लेंगे। यह भाजपा के लिए दक्षिण में समर्थन हासिल करने और उत्तर में अपना महत्व बरकरार रखने का भी अवसर होगा। अगले साल जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे।

हालिया चुनाव नतीजों से विपक्षी दल असंतुष्ट हैं। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल एकजुट होकर भाजपा के संसाधनों, नेतृत्व और संगठन का मुकाबला करने पर सहमत हुए हैं।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था के 2023 में 2.4 फीसदी और 2024 में 1.2फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, विकास दर धीमी होने का अनुमान है, जिससे 2024 में हल्की मंदी आयेगी। रॉयटर्स का कहना है कि वैश्विक विकास दर अगले वर्ष 2.9 फीसजी से घटकर 2.6फीसदी हो जायेगी।

भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.3 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह देश की लचीलापन और बाहरी झटकों के प्रति कम संवेदनशीलता के कारण लगातार तीसरे वर्ष दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जायेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि 2023 और 2024 में भारत की विकास दर 6फीसदी से अधिक, जो चीन की 4-5फीसदी विकास दर से अधिक होगी।

# क्या विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल हैं?

**- राम पुनियानी**

विपक्ष को यह समझना चाहिए कि शैक्षणिक संस्थाओं सहित राज्य तंत्र की विभिन्न संस्थाओं में हिन्दू राष्ट्रवादियों की घुसपैठ गंभीर चिंता का विषय है। इन सारे मुद्दों पर विचार कर विपक्ष एक होगा, हम यह मान सकते हैं। और अगर वह एक हो गया तो चुनाव जीतना उसके लिए बहुत मुश्किल नहीं होगा। चुनाव में विजय, देश को हिन्दू राष्ट्रवादी एजेंडा के चंगुल से निकलने की दिशा में पहला कदम होगा। हाल में संपन्न राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में कई कारणों से पूरे देश की भारी दिलचस्पी थी. भाजपा पिछले दस सालों से केंद्र में सत्ता में है और उसने जो नीतियां लागू की हैं, उनका देश पर भयावह प्रभाव पड़ा है। चाहे वह नोटबंदी हो, जीएसटी हो या रातोंरात लागू किया गया कोरोना लॉकडाउन-सबसे अधिक आम जनता की खासी फजीहत हुई। देश में सरकारें और ज्यादा तानाशाह होती जा रही हैं और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं पर तरह-तरह की रोकें लगाई जा रही हैं।

हंगर इंडेक्स में देश की गिरती हुई स्थिति और लोगों की बढ़ती परेशानियां बहुत कुछ बता रही हैं। भाजपा सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को कश्मीर से हटा दिया है। हमें बताया गया था कि इससे अतिवाद कम होगा। मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं। देश भर में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर हमले जारी हैं और अलग-अलग स्थानों पर ईसाईयों के खिलाफ भी हिंसा हो रही है। इस पृष्ठभूमि में विपक्षी पार्टियों ने इंडिया गठबंधन का गठन किया। ऐसा कहा जा रहा था कि यह गठबंधन हमारे संविधान में निहित 'आईडिया ऑफ इंडिया' को संरक्षित रखने का प्रयास करेगा। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में इस गठबंधन से बहुत उम्मीदें थीं।

मगर ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनावों के नतीजों ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कांग्रेस के राज्य-स्तरीय नेतृत्वों ने मनमानी करते हुए गठबंधन के अन्य दलों की उपेक्षा की। इससे दूसरी पार्टियां काफी नाराज हो गईं और गठबंधन के और मजबूत होने की राह बाधित हो गई। कांग्रेस केवल तेलंगाना में जीत हासिल कर सकी और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में उसे हार का सामना करना पड़ा। ये नतीजे चौंकाने वाले हैं क्योंकि अधिकांश एग्जिट पोल्स ने भविष्यवाणी की थी कि इन राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन कहीं बेहतर रहेगा। इसलिए, कांग्रेस की हार एक पहेली बन गई है।

# सांसदों का निलम्बनः प्रदर्शन की भेंट चढा शुक्रवार

## सपा, कांग्रेस, आप, माकपा ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भारी पुलिस बल के साये में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर सपाइयों व आम आदमी पार्टी ने सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में सपा जिला कार्यालय से सैकडों की तादाद में देश के 146 सांसदों के निलम्बन को लेकर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इसी क्रम में कांग्रेस, माकपा, आप ने भी इसी मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर सौरभ यादव को सौंपा।



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते सपाई, कांग्रेस व माकपा।

शुक्रवार का दिन जिले में धरना-प्रदर्शन को समर्पित रहा। लोकतंत्र विरोधी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जुलूस की शक्ल में सपाई तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां धरना देकर सपाइयों ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सत्ता पक्ष से ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। मौजूदा भाजपा सरकार अहंकार में विपक्ष की आवाज दबा रही है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं से ध्यान हटाने को तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, नरेन्द्र यादव, मान सिंह पटेल, त्रिभुवन सिंह यादव, अमर सिंह पटेल, मो गुलाब खां, श्यामबिहारी यादव, सत्यनारायण पटेल, सिद्धार्थ पाण्डेय, निजाम सिद्दीकी, अमृतलाल गुप्ता व निर्भय सिंह पटेल समेत सैकडों सपाई मौजूद रहे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में भाजपा सरकार की तानाशाही व 151 सांसदों के निलंबन के विरोध में शहीद पार्क में कांग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। धरने में कुशल सिंह पटेल ने कहा कि देश में लोकतंत्र-संविधान सुरक्षित नहीं है। संविधान को बदलने के प्रयास हो रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतनारायण कोल, शिव गुलाम वर्मा, राकेश वर्मा समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे। माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र की अगुवाई में जुलूस निकाल प्रदर्शनकर तहसील मुख्यालय में एसडीएम सदर सौरभ यादव को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन में कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। संसद के भीतर सवाल करना गुनाह है। संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी को कुचला जा रहा है। संसद की सुरक्षा को लेकर सांसद गृहमंत्री को सदन में लाना चाहते हैं। ऐसे में सांसदों को निलम्बित कर संविधान व लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है, जो चिन्ताजनक है। इस मौके पर का शिवमोहन यादव, चुनकूराम पाल, अजय सिंह, लल्लूराम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषलाल शुक्ला की अगुवाई में बुन्देलखण्ड महासचिव अंकित सिंह, विधानसभा क्षेत्र मानिकपुर अविनाशचन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष श्यामबाबू त्रिपाठी, सुरेश सिंह, नर्मदा प्रसाद यादव, जुगुल जाटव, लवलेश केशरवानी, योगेन्द्र रैकवार, प्रमोद सोनी, सत्येन्द्र त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी की मौजूदगी में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

## उच्च शिक्षा में हो रहा भेदभाव, प्रतिभा का हो रहा हनन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सरदार सेना की बुन्देलखण्ड प्रभारी/जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती की अगुवाई में जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए उच्च शिक्षा पर खतरे व भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई।

शुक्रवार को सरदार सेना की बुन्देलखण्ड प्रभारी/जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती की अगुवाई में जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि विश्वविद्यालय किसी देश-समाज की बुनियाद होते हैं। संविधान में मूल न्याय क्षमता, बंधुता के मूल्य पर उच्च शिक्षा का वजूद होना चाहिए।

देशभर के विश्वविद्यालयों पर एक विचारधारा थोपी जा रही है। प्रोफेसर नियुक्ति में भेदभाव किया जा रहा है। प्रतिभा का हनन हो रहा है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में जातिगत लैंगिक व अन्य शोषण-




प्रदर्शन करते सरदार सेना के लोग।

भेदभाव जारी है। शिक्षकों को ठेके पर रख विश्व गुरु बनाने का ख्वाब देखा जा रहा है, बेहद खतरनाक है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो लक्ष्मण यादव को बर्खास्त करने के मामले में पुनः निर्णय लेने की मांग की है। इस मौके पर मीरा भारती, प्रकाश चंद्र, दिनेश, सीएल भारती, मोहित भाई पटेल, राकेश सिंह पठारी, रोहित सिंह पटेल, संजय सिंह पटेल, मानवेंद्र कुमार, मणि यादव, सद्दाम भाई, अनुज रामपाल, उग्रसेन आदि मौजूद रहे।

## 17 रनों से मैहर ने नोएडा को हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी व दीनदयाल शोध संस्थान के नेशनल क्रिकेट टूनार्मेंट चित्रकूट चैलेंज कप के पूल बी के रोमांचक सेमीफाइनल एनसीआर की नोएडा व मैहर के बीच खेला गया। शुक्रवार को मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य कामतानाथ इंटर कॉलेज श्रीधर त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त एआरटीओ प्रमोद कुमार ने टीम के खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। टॉस जीतकर मैहर ने बल्लेबाजी करते हुए आकर्ष सिंह के शानदार 72 व अनुराग के ताबड़तोड़ सात गेंद में 26 रनों की बदौलत सभी विकेट खोकर 165 रन बनाए। नोएडा से सचिन को तीन व रोहित पांडे को दो विकेट मिले। 166 रनों के लक्ष्य को नोएडा टीम ने नौ विकेट खोकर 148 रन बना सकी। सचिन 51 व अमन ने 21 रनों का योगदान दिया। मैहर से आकर्ष सिंह को तीन व रूणेन्द्र सिंह को दो विकेट मिले। मैहर ने नोएडा को 17 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। 25 दिसंबर को उसका मुकाबला भदोही टीम से होगा। सेमीफाइनल मैच में 72 रन व तीन विकेट लेने वाले मैहर के आकर्ष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर सर्वेश निगम, आलोक सिंह, कमेंटेटर प्रेम यादव, स्कोरर राघवेंद्र सिंह रहे। मैच सफल बनाने में अतुल, सोमनाथ, करण पटेल, रमाकांत कुशवाहा का योगदान रहा। कल महिला वर्ग के शुभारंभ मैच में जबलपुर का मुकाबला कानपुर से एवं दूसरा मैच रीवा एवं चंदौली के बीच खेला जाएगा।

## नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को चार वर्ष की सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार यादव की पैरवी से न्यायालय ने घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को चार वर्ष की सजा व 12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। शुक्रवार को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने राजापुर थाने में दर्ज नाबालिग से छेडछाड व पाक्सो एक्ट के आरोपी जमील पुत्र हमीद निवासी सरधुवा को चार वर्ष की सजा व 12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 15 फरवरी 2017 को वादी ने थाने में सूचना दी कि जमील ने घर में घुसकर नाबालिग पुत्री से छेड़छाड कर विरोध पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर विवेचना पूर्व क्षेत्राधिकारी राजापुर महेन्द्र कुमार शुक्ला ने कर 25 अप्रैल 2017 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## बीएलओ बनायें साफ-सुथरी मतदाता सूचीः एसडीएम

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव ने लोकसभा चुनाव पुनरीक्षण कार्य मे लगे बीएलओ को निर्देश दिये कि 26 दिसम्बर तक कार्य पूरा कर 80 प्लस मतदाताओं की उम्र व जीवित होने की जांच कर जेंडर सही कर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के नाम जोड़ें। मृतक व डबल इंट्री नामो को हटाकर साफ-सुथरी सूची बनायें।

शुक्रवार को तहसील सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने नगर व तहसील क्षेत्र के बीएलओ से कहा कि कोई भी मतदाता का नाम न छूटे। जो गलत नाम सूची में दर्ज हैं, अच्छे से परीक्षण कर लें। कंट्रोल टेबल को



बैठक में निर्देश देते एसडीएम।

अच्छे से पढ़ ले, ताकि भाग संख्या, बूथ संख्या व मतदेय स्थल का नाम गलत न हो। कही भी गलत है तो सुधार करें। 80 प्लस व ऊपर के मतदाताओं का मौके पर जाकर परीक्षण कर ले, आयु गलत है तो फार्म आठ भरकर सही करें। जेंडर में कोई त्रुटि न हो। फोटो महिला की लगी हो, नाम पुरुष का हो तो सुधार करें। दो दिनों के अंदर मतदाता सूची समेत प्रमाण पत्र दें। सूची में मृतकों के नाम गलत जेंडर, आयु व नाम छूटने की शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में तहसीलदार वाचस्पति सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी मिथलेश कुमार व नगर क्षेत्र के बीएलओ मौजूद रहे।

## दो वांछित दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा कृपानन्दन शर्मा ने पाक्सो एक्ट के वांछित अंशु पुत्र बुधई व राहुल पुत्र भगवानदास निवासी रेडी भुसौली को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा कृपानंदन शर्मा व सिपाही दीप प्रताप शामिल रहे।

## जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने संजय करवरिया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर संजय करवरिया ने सुरेश पटेल प्रभु को पराजित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आनन्द मिश्रा ने शिवकुमार सिंह को पराजित किया। महासचिव पद पर मनोज कंचनी ने राजेश चैहान को शिकस्त दी। कोषाध्यक्ष पद पर शिवकुमार कुशवाहा ने मनमोहन चतुवेर्दी को हराया। सभी प्रत्याशियों को एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड व वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने शुभकामनायें दी हैं।

शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर संजय करवरिया ने 285 मत हासिल किया। सुरेश पटेल को 196 मतों से संतोष करना पडा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द मिश्रा को 244 मत मिले। शिवकुमार सिंह को 234 मत मिले। महासचिव पद पर मनोज कंचनी 147 मत पाये। राजेश चैहान 91 व राजकुमार यादव 82 मत, पंकज त्रिपाठी 76 मत, चंद्रमौली मिश्रा 15 मत, सचिन श्रीवास्तव 69 मत, कोषाध्यक्ष पद पर मनमोहन चतुवेर्दी 191 मत पाकर विजयी हुए। पयासी 59 मत, शिवकुमार कुशवाहा 216 मत पाये।

# सर्वांगीण विकास को जरूरी है खेलकूदः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** केंद्रीय विद्यालय के वार्षिक खेलकूद दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति ने बतौर मुख्य अतिथि शुरू कराया।

शुक्रवार को खेलकूद का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने दीप जलाकर किया। विद्यालय का ध्वज मुख्य अतिथि ने फहराया। विद्यालय के कप्तान व शिवाजी, रमन, टैगोर तथा अशोक सदन के विद्यार्थियों ने भव्य



खेलकूद का शुभारम्भ कराते जिलाधिकारी।

परेड से मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर विद्यार्थियो को खेल दिवस पर बधाई दी। खेलों के महत्व के बारे में बताया। कहा कि खेल सर्वांगीण विकास को जरूरी है। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर विद्यालय परिवार ने आभार जताया। खेल दिवस पर योगा, स्वागत गीत, नृत्य पेशकर पिरामिड बनाकर विद्यार्थियो ने मंत्र मुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम बाद खेल प्रतियोगितायें हुईं। विजेता प्रतिभागियों को मैडल दिये गये। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, जीजीआईसी प्राचार्य श्रीमती विनीता, अभिभावक व विभिन्न संस्थानों के लोग मौजूद रहे। खेल शिक्षक विनय पांडेय ने प्रतियोगितायें कराई। अयोजन को सफल बनाने में पीएन तिवारी, अंशुमान सिंह, रामानुज चतुवेर्दी ने योगदान दिया। जिलाधिकारी के आगमन पर विद्यालय कैप्टन व प्राचार्य स्नेह लता ने बैच, कैप व हरित पौधे से स्वागत किया।

## बूंद-बूंद पानी को तरस रहे दलित बस्ती के लोग

**चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक के तौरा गांव की रानी, लालमनी, काजल, दीपा, शंकरिया, पूनम, अभिलाषा देवी, मैना देवी आदि महिलाओं ने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र एसडीएम सदर को सौंपा। शुक्रवार को तौरा गांव की महिलाओं ने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र एसडीएम सदर को सौंपा। पत्र में कहा कि वे गरीब मजदूर महिलायें हैं। रहने को आवास नहीं है। पात्र होने के बाद भी कई बार प्रधान व बीडीओ तथा सीडीओ से निवेदन कर चुकी हैं। उन्हें आवास नहीं दिये जा रहे। पीने को लगाये हैण्डपम्प खराब पडे हैं। शिकायत के बाद भी हैण्डपम्प नहीं बनवाये जा रहे।

## तालाब में हैं राजस्व कर्मी के अवैध कब्जे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के गोबरिया मजरा कपसेठी के तालाब पर तहसील मानिकपुर के कानूनगो बुद्धविलाश का भी अवैध कब्जा है। इसके चलते गोबरिया के तालाब से अवैध कब्जा हटवाने की प्रशासन पहल नहीं कर रहा है। शुक्रवार को कर्वी तहसील के गोबरिया के तालाब पर कानूनगो के अवैध कब्जे का खुलासा हुआ। बताया गया कि पहले लेखपाल रहे बुद्धविलाश ने तालाब के भीठा पर कब्जा कर अवैध घर बनाया था। अब वह कानूनगो हो गये हैं, इसके चलते उनके समेत अन्य लोगों के अवैध कब्जे बढते चले जा रहे हैं। इन अवैध कब्जों को हटाने की प्रशासन पहल नहीं कर रहा है, क्योंकि राजस्व कर्मी के ही अवैध कब्जे हैं तो प्रशासन क्यों हटवाये। तालाब के भीठे पर एक ओर कच्चे निर्माण बढते जा रहे हैं तो दूसरी ओर पक्के निर्माण भी हो रहे हैं। यहां तक कि अवैध कब्जाधारकों ने तालाब की जमीन को अन्य लोगों को भी भारी कीमत पर बेंच दिया है।

## सम्मेलन से नये उद्योगों की होगी स्थापनाः शानू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सात जनवरी को होने वाले दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रामघाट के व्यापारियों की बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की मौजूदगी में रामघाट युवा इकाई के पदाधिकारियों ने बढ-चढकर सम्मेलन में हिस्सा लेने को कहा।

शुक्रवार को शानू गुप्ता से व्यापारियों ने सात जनवरी के प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन में भारी तादाद में शामिल होने का भरोसा दिया। युवा अध्यक्ष आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिषेक केसरवानी ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि सात जनवरी प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन में रामघाट से बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल होंगे। रामघाट सीतापुर से पचास व्यापारियों की कमेटी बनाकर दो दिन में केंद्रीय कार्यालय में जमा की जायेगी। जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल ने कहा कि व्यापारी बढ़-चढ़कर सम्मेलन में हिस्सा ले। तैयारी की जिम्मेदारियां बांटी।

व्यापारी नेता/राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि चित्रकूट में होने वाले दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन से व्यापारियों में एकजुटता, पर्यटन उद्योग, व्यापार व रोजगार की संभावनायें बढ़ेंगी। सम्मेलन से जिले में नए उद्योगों की स्थापना होगी। इस मौके पर मंडल मंत्री विनोद आर्य, युवा उपाध्यक्ष सीताराम श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता, बालू रामचंद्र, सतीश गुप्ता, राज अनुरागी, सौरभ केसरवानी, प्रमोद अग्रवाल, वीरेन्द्र तिवारी, नीलू शर्मा, मनोज गुप्ता, अमित कुमार, प्रवीण केसरवानी, सचिन मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

# ए ग्रेड से प्रेरित हो करायें प्रगतिः प्रभारी मंत्री

## विभिन्न विभागों की हुई समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण/दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग/प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि काफी विभागों ने ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया है। रैंकिंग भी अच्छी है। ए ग्रेड के विभागों से प्रेरित होकर प्रगति करायें।

शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कुमार



विभागों की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री।

कश्यप ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश स्तर पर रैंकिंग देखते हैं। अच्छे कार्य करेंगे तो सरकार प्रशंसा करेगी। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास लेकर कार्य कियो जा रहे हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें। डीएम-एसपी व सीडीओ से कहा कि जिले के विकास कार्यों में अच्छी प्रगति करायें। एसपी से कानून व्यवस्था के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री समेत विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। कहा कि जिन विभागों के ग्रेड व रैंकिंग कम है, उस बाबत दिये निदेर्शों का पालन कर रैंकिंग अच्छी करायेंगे। इस मौके पर सदर विधायक अनिल प्रधान, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर समेत एसपी वृन्दा शुक्ला, सीडीओ अमृतपाल कौर समेत जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## भरतकूप एसएचओ ने 19 पर लगाया मिनी गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले 19 लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट लागू की है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष ने अनिल आरख पुत्र स्व विजयपाल, अंकित उर्फ छोटा पुत्र रामबाबू सविता निवासी गोंडा, प्रदुम्न नरायण पुत्र रामप्रकाश, विजय नरायण पुत्र रामप्रकाश निवासी गोबरिया बुजुर्ग, सूबेदार पुत्र सरफराज खां गोंडा, बोंगी पुत्र इदरीश गोंडा, इड्डु पुत्र शरफराज खां गोंडा, दिनेश पुत्र रामचन्द्र तिवारी भारतपुर, संदीप यादव उर्फ सुखिया पुत्र विचिल बहादुर पहाडिया बुजुर्ग, बच्चा सिंह ठाकुर पुत्र स्व बाबूलाल दहिनी, लल्लू पुत्र रामचन्द्र तिवारी भारतपुर, बाबी पुत्र दिनेश तिवारी भारतपुर, अभिषेक पुत्र स्व मनोज तिवारी भरतकूप, निशान्त पुत्र स्व मनोज तिवारी भारतपुर, शिवकुमार पुत्र शिवराम यादव रहोनी पुरवा, जानकी पुत्र शिवकुमार रहोनी पुरवा, कृष्ण गोपाल पुत्र शिवकुमार रहोनी पुरवा, झिग्गी पुत्र इदरीश गोंडा व ऋषि कुमार सैनी पुत्र श्रवण कुमार गोंडा के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट लगाया है।

# महिला जज मामले में करें निष्पक्ष जांचः पूनम

## एक्सप्रेस-वे लिंक बनाने को उजाड रहे बस्ती

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम देवी की अगुवाई में जुलूस निकाल प्रदर्शन कर महिलाओं ने सूबे के राज्यपाल व उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायमूर्ति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

शुक्रवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम देवी ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बांदा जिले के बबेरु तहसील में सिविल जज के साथ घटी घटना निन्दनीय है। शिकायत के बाद भी निष्पक्ष जांच न होने से महिलाओं को बेहद कष्ट है।

न्याय के प्रति आस्था कम होती जा रही है। जनवादी महिला समिति व आल इंडिया लायर्स के अधिवक्ताओं ने इसे गम्भीरता से लिया है। महिला जज के साथ यौन उत्पीडन की जांच आवश्यक है। मांग किया कि निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस मौके पर शान्ति, गीता, मुन्नी, लीला, मधू, सरिता देवी, कविता, उमा, माया,




प्रदर्शन करती जनवादी महिला समिति।

सुखदेइया, राजमती, गुड्डी, मीरा देवी, राजकुमारी, सीमा, छोटकू, मनिया व अजय सिंह एड शामिल रहे।इसी क्रम में कर्वी तहसील के अकबपुर गांव की आदिवासी मजदूर महिलाओं ने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि गरीब आदिवासियों को उजाडा जा रहा है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे लिंक बनाने को पुराने मार्ग पर प्रस्ताव पारित हुआ था। कुछ सफेद पोश लोग क्रशर व स्टोन मिल बचाने को ठेकेदारों से मिलकर आदिवासियों के घरों को उजाड रहे हैं। तकरीबन 40 वर्षों से झोपडी बनाकर आबाद हैं। समय-समय पर सरकार ने कालोनी को धन दिया है। बिजली, पानी की सुविधायें दी हैं। प्रत्येक चुनाव में वोट डाल रहे हैं। आदिवासियों ने कहा कि कालोनियों को उजाडकर नया लिंक रोड बनवाने की साजिश भरतकूप क्षेत्र के क्रशर मालिक कर रहे हैं। वे मेहनत-मजदूरी कर बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। उन्हें उजाडा गया तो वे बेरोजगार व भुखमरी के शिकार हो जायेंगे। महिलाओं ने मांग उठाई कि गोंडा-रामपुरमाफी पोस्ट भारतपुर से पूर्व प्रस्तावित लिंक रोड बनवाई जाये। उनकी कालोनी झुग्गी-झोपडी को बचाया जाये। इस मौके पर शान्ति, उमा, मुनिया, रुपा, मीरा, सीमा, मुन्नी, कविता, छोटकी आदि मौजूद रहीं।

# इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को साइफर मामले में मिली जमानत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं पार्टी उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को साइफर मामले में जमानत दे दी। दोनों को 10-10 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत को मंजूरी दी गई है।
सुप्रीम कोर्ट के इस बड़े फैसले की जानकारी जिओ न्यूज चैनल ने अपनी वेबसाइट पर साझा की है। अंतरिम मुख्य न्यायाधीश सरदार तारिक मसूद की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई के बाद जमानत को मंजूरी दी है। पीठ के दो सदस्यों में न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह हैं। इससे पहले इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने जेल मुकदमे को शून्य घोषित कर दिया है। विशेष अदालत ने 13 दिसंबर को पीटीआई संस्थापक और उपाध्यक्ष को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 2023 के तहत साइफर मामले में दोषी ठहराया था।
चैनल के अनुसार दोनों नेताओं ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राजनयिक केबल के कथित दुरुपयोग से संबंधित अपराध में अपनी संलिप्तता के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया है।
अ ा ज
सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान और कुरैशी के 23 अक्टूबर के अभियोग के खिलाफ याचिका पर भी सुनवाई की। न्यायमूर्ति मसूद ने टिप्पणी की कि जिस अभियोग को चुनौती दी गई थी, उसे इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने 21 नवंबर को पहले ही रद्द कर दिया था। इसलिए खान और कुरैशी के 23 अक्टूबर के अभियोग भी अमान्य हो गए और मुकदमा फिर से आयोजित किया गया।
न्यायमूर्ति मसूद ने कहा कि ताजा अभियोग पिछली कार्यवाही से प्रभावित नहीं होगा, जिसे इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने अमान्य घोषित कर दिया था। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील हामिद खान ने दलील दी कि सुनवाई पिछली चार्जशीट पर हो रही है। न्यायमूर्ति मसूद ने कहा कि पुराने आरोप पत्र के खिलाफ याचिका निरर्थक हो गई है। न्यायाधीश ने वकील से कहा कि अगर आपको ताजा अभियोग पर आपत्ति है तो इसे हाई कोर्ट में ही चुनौती दें।

## इजराइली सैनिक की आईफोन ने बचाई जान, बेंजामिन नेतन्याहू भी हुए हैरान

**यरूशलम।** गाजा में हमास के खिलाफ लड़ रहे एक इजराइली सैनिक की जान आईफोन ने बचा दी है। जानकारी के अनुसार इजराइल-हमास युद्ध के दौरान इजराइली सैनिक को लगी गोली आईफोन पर जाकर लग गई। फोन ने गोली की रफ्तार को पूरी तरह रोक दिया, जिसकी वजह से सैनिक की जान बच गई। इजराइल के प्रधानमंत्री को इस घटना की जानकारी दी गई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू घायल सैनिकों से मिलने अस्पताल भी पहुंचे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दावा किया जा रहा कि आईफोन की वजह से सैनिक की जान बच गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि आईफोन रग्ड केस के साथ दिख रहा है, फोन पर गोली के निशान दिख रहे हैं। इस फोन को बेंजामिन नेतन्याहू को भी दिखाया गया। भले ही एप्पल इस बात का दावा करता है कि आईफोन वाटरप्रूफ है लेकिन क्या यह बुलेटप्रूफ इसका जवाब अभी तक कंपनी ने भी आधिकारिक तौर पर नहीं दिया है। इससे पहले जून 2022 में आईफोन ने रूस के खिलाफ लड़ रहे एक यूक्रेनी सैनिक की भी जान बचाई थी।

## भारतीय मूल की 'अंडरकवर एजेंट' ब्रिटिश जासूस नूर इनायत के नाम पर रखा गया लंदन में 'काउंसिल हाउसिंग ब्लॉक' का नाम

**लंदन।** भारतीय मूल की ब्रिटिश जासूस और टीपू सुल्तान की वंशज नूर इनायत खान के नाम पर लंदन में एक ह्यकाउंसिल हाउसिंग ब्लॉकह्ल का नाम रखा गया है। इसके लिए मतदान कराया गया था। कैमडेन काउंसिल ने बुधवार को एक समारोह में ह्यह्यनूर इनायत खान हाउसह्लह्ल का अनावरण किया। इस मौके पर लेबर पार्टी के स्थानीय सांसद एवं विपक्षी नेता कीर स्टार्मर, खान की जीवनी की लेखिका श्रबानी बसु और कैमडेन काउंसिल के नेता और स्थानीय निवासी मौजूद थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन के स्पेशल ऑपरेशंस एक्जीक्यूटिव (एसओई) के लिए ह्यअंडरकवर एजेंटह्ल के रूप में भारतीय मूल की जासूस नूर इनायत खान के योगदान का सम्मान करने के लिए ह्यकाउंसिल हाउसिंग ब्लॉकह्ल का नामकरण उनके नाम पर किया गया है। कैमडेन वह नगर था जहां युवा नूर 1943 में नाजी-कब्जे वाले फ्रांस के लिए रवाना होने से पहले अपने परिवार के साथ रहती थीं।
स्पाई प्रिंसेसः द लाइफ ऑफ नूर इनायत खान की लेखिका बसु ने कहा, यह अद्भुत है कि कैमडेन के निवासियों ने हाउसिंग ब्लॉक का नाम नूर इनायत खान के नाम पर रखने के लिए मतदान किया। कैमडेन के लोगों ने वास्तव में नूर को अपने दिल में बसा लिया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यवह एक सूफी थीं, वह धार्मिक सहिष्णुता में विश्वास करती थीं, वह अहिंसा और राष्ट्रों के बीच शांति में विश्वास करती थीं। आइए आज हम शांति और सद्भाव के लिए उनका संदेश लेकर जाएं।

## भारत के साथ लॉन्ग-टर्म ऊर्जा समझौता मील का पत्थर साबित होगा : नेपाल पीएम



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की आगामी यात्रा के दौरान नेपाल और भारत के बीच हस्ताक्षरित होने वाला दीर्घकालिक ऊर्जा समझौता एक मील का पत्थर साबित होगा। मई-जून में पुष्प कमल दहल की भारत यात्रा के दौरान, दोनों देश एक दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने पर सहमत हुए थे, जिसके तहत भारत 10 वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा। हालांकि, उस समय औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके थे। अब, दोनों देशों ने दीर्घकालिक अंतर-सरकारी ऊर्जा व्यापार समझौते को औपचारिक रूप दे दिया है, जिस पर जयशंकर की नेपाल यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। नेपाली पीएम दहल ने शुक्रवार को दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा सबस्टेशन का उद्घाटन करते हुए कहा, "जल्द ही हम भारत के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य भारत को बिजली निर्यात करना है।"
नेपाल-भारत के बीच मध्यावधि और दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार समझौते पर काठमांडू में हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए वरिष्ठ भारतीय अधिकारी भी काठमांडू पहुंच रहे हैं। 25 साल के दीर्घकालिक समझौते की शुरूआत तब हुई जब दहल ने 31 मई से 3 जून के बीच भारत दौरा किया था।
भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दहल के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान घोषणा की थी कि पड़ोसी दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते के तहत नेपाल से 10 वर्षों में 10,000 मेगावाट बिजली खरीदेगा।

## सिंगापुर में बुजुर्ग महिला को जानलेवा टक्कर मारने के आरोप में भारतीय ड्राइवर को जेल की सजा

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक को लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण 79 वर्षीय महिला की मौत के लिए 10 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, लॉरी चालक 40 वर्षीय शिवलिंगम सुरेश को लापरवाही से गाड़ी चलाने का दोषी ठहराया गया। फरवरी में हुए इस हादसे में बनार्डेट माह सुई हर की मौत हो गई थी। बनार्डेट मरीन परेड में जब जेबरा क्रॉसिंग पर चल रही थी, उसी समय एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने के कारण उसी दिन उसकी मौत हो गई। सुरेश, जिसका गलत तरीके से गाड़ी चलाने का इतिहास है, को उसकी रिहाई के बाद आठ साल तक सभी श्रेणियों के ड्राइविंग लाइसेंस रखने या प्राप्त करने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
उप लोक अभियोजक बेनेडिक्ट तेओंग ने अदालत को बताया कि सुरेश 28 फरवरी को सुबह लगभग 11.30 बजे मरीन टेरेस से मरीन क्रीसेंट की ओर अपनी लॉरी चला रहा था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय यातायात का प्रवाह हल्का था और सड़क की सतह नम थी और मौसम खराब था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## काठमांडू के स्कूलों में क्रिसमस के आयोजन पर शिकंजा



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में महानगरपालिका ने क्रिसमस पर स्कूलों में होने वाले आयोजनों पर शिकंजा कसा है। महानगरपालिका ने चेतावनी जारी की है। इसके तहत स्कूल विद्यार्थियों को सांता क्लॉज का ड्रेस पहन कर आने को बाध्य नहीं कर सकते।
न ही अभिभावकों इस तरह की ड्रेस खरीदने को मजबूर कर सकते हैं।
स्कूलों की ऐसी गतिविधि पर काठमांडू महानगरपालिका ने रोक लगा दी है। महानगरपालिका ने चेतावनी दी है कि क्रिसमस पर कोई भी विद्यालय अगर बच्चों को कोई विशेष पोषाक पहनने के लिए कहता है या अभिभावकों को इस तरह की ड्रेस खरीदने के लिए कहा जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
महानगरपालिका ने साफ किया है कि क्रिसमस के नाम पर बच्चों को नकली सफेद दाढ़ी और लाल टोपी या लाल रंग के वस्त्र पहना कर किसी भी तरह का कोई आयोजन विद्यालय परिसर में न किया जाए। विद्यालय में निर्धारित पोशाक के अलावा अन्य किसी भी प्रकार की पोशाक पहनने के लिए छात्रों को निर्देशित करना दण्डनीय अपराध होगा। इस संबंध में महानगर के शिक्षा विभाग के प्रमुख सीताराम कोईराला के नेतृत्व में एक टीम भी बनाई गई है। यह टीम सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेगी।

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट, गाजा के 23 लाख लोग भुखमरी से जूझ रहे



**यरुशलम।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना और हमास के बीच जारी भीषण लड़ाई के बीच संयुक्त राष्ट्र की आई रिपोर्ट युद्ध की भयावता के साथ डराने वाली है। इजराइली विमानों द्वारा गुरुवार को किए भीषण हमले व बमबारी में कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। अमेरिका, यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्धविराम का दबाव बना रहे हैं। युद्ध की वजह से अब तक 20 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र समर्थित निकाय ने गुरुवार को एक रिपोर्ट साझा की है। रिपोर्ट के अनुसार गाजा में 2.3 मिलियन यानी 23 लाख लोग भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं। वहीं, युद्ध की वजह से गाजावासियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है, जिसकी वजह से अकाल का खतरा हर दिन बढ़ रहा है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण की एक रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में लोग दो-जून की रोटी के लिए मशक्कत कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले मिस्त्र की ओर से गाजा वासियों के लिए भोजन, पानी और दवाएं भेजी गई थी। हाालांकि, यह मदद ऊंच के मुंह में जीरे जैसी है। रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में मौजूद दस प्रतिशत लोगों को ही इस मदद से लाभ मिलने वाला है।
आईपीसी की रिपोर्ट में आगे जानकारी दी गई कि गाजा में ईंधन की जबरदस्त कमी है। कुछ दिनों पहले कई वीडियो वायरल हुए जिसमें देखा गया कि जैसे ही मानवीय सहायता लेकर ट्रक गाजा पहुंचे, गाजावासी ट्रकों पर सहायता सामग्री लेने के लिए टूट पड़े। सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने गाजा में राहत सामग्री की धीमी आपूर्ति पर चिंता जताई है। कहा कि इसे लेकर विश्व में व्यापक चिंता है। इससे आमजन प्रभावित हो रहे हैं। हम राहत सामग्री की आपूर्ति तेज करने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका की सहमति से सुरक्षा परिषद में इससे संबंधित प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी चल रही है। दक्षिणी गाजा में भी बुधवार-गुरुवार की रात इजरायल ने भीषण बमबारी की। मिस्त्र की सीमा के नजदीक बसे रफाह कस्बे में गुरुवार सुबह हुई बमबारी में चार लोग मारे गए हैं। गाजा में चिकित्सा सुविधाएं संचालित करने वाली संस्था रेड क्रीसेंट ने कहा है कि लगातार चल रही लड़ाई और बमबारी के चलते वह जबालिया सहित कई स्थानों पर एंबुलेंस भेजकर वहां से मृतकों और घायलों को लाने की स्थिति में नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि उत्तरी गाजा में आखिरी अस्पताल भी बंद होने के कगार पर है।

## गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने पर अमेरिका कर सकता है संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान



**वाशिंगटन।** अमेरिका आखिरकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में सहायता पर मतदान कर सकता है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हालांकि यह एक सप्ताह पहले हो जाना चाहिए था। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर समझौता करने के लिए कल मिस्त्र के साथ उच्चस्तरीय बातचीत की है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है तो गाजा को और अधिक मानवीय सहायता प्राप्त हो सकेगी।
अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका अभी भी बातचीत कर रहा है। अमेरिका उस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के पक्ष में नहीं है, जिसमें लड़ाई रोकने का भी आह्वान किया गया है। राफा सीमा को नियंत्रित करने वाला मिस्त्र चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र सहायता पहुंचाने का काम अपने हाथ में ले।
द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिका पर इजराइल का दबाव है। इसलिए अमेरिका ने कहा है कि इजराइल को सहायता वितरण और विवादों की जांच में शामिल किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर मतदान करने की संभावना बढ़ गई है।

## चेक के चार्ल्स विश्वविद्यालय में भीषण गोलीबारी, 15 लोगों की मौत, छात्र था हमलावर

**प्राग।** यूरोपीय देश चेक गणराज्य की राजधानी प्राग के चार्ल्स विश्वविद्यालय में गुरुवार को हमलावरों की भीषण गोलीबारी में 15 लोग मारे गए और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। चेक पुलिस ने बताया कि चार्ल्स विश्वविद्यालय में बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। हमलावर को पुलिस ने मार गिराया है, जिसकी पहचान एक छात्र के रूप में की गई। चेक रिपब्लिक के गृह मंत्री विट राकुसन ने चेक गणराज्य टेलीविजन को बताया कि गोलीबारी करने वाले हमलावर को घटनास्थल पर मार गिराया गया है और वहां कोई अन्य शूटर नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों को आगे कोई खतरा नहीं है, लेकिन उन्होंने लोगों से पुलिस के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।
चेक पुलिस ने आगे कहा कि जन पलाच स्क्वायर के पास हुई गोलीबारी के बाद पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया था। प्राग के मेयर बोहुस्लाव स्वोबोडा ने जानकारी देते हुए कहा कि चौराहे पर मौजूद चार्ल्स विश्वविद्यालय के फिलॉसफी फैकल्टी को खाली करा लिया गया है और चौराहे को सील कर दिया गया।
चेक पुलिस ने कहा कि पूरे इलाके को घेर लिया गया है। पोस्ट में आसपास के लोगों से अपील की गई कि वह घर से बाहर न निकलें। पलाच स्क्वायर के एक कॉन्सर्ट हाल में रुडोल्फिनम गैलरी के निदेशक पेट्र



नेडोमा ने चेक टीवी को बताया कि उन्होंने शूटर को देखा था। जिसके हाथ में स्वचालित हथियार था। वह गोलीबारी कर रहा था।
घटना के दौरान इमारत के आसपास कई एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियां नजर आ रही थीं। एक छात्रा क्लारा ने बताया कि वह भी उनमें से एक थी, जिन्हें पुलिस ने इमारत से बाहर निकाला। यह बहुत डरावना था, वहां बहुत सारे पुलिसकर्मी थे। वह हमें बाहर भागने के लिए कह रहे थे।
वहीं, कर्मचारियों और छात्रों को भेजे एक ईमेल में कहा गया कि हमलावर इमारतों में से एक में है। इसलिए आप कहीं मत जाएं। यदि आप कार्यालयों में हैं, तो उन्हें बंद कर दें। दरवाजे के सामने फर्नीचर रखें लाइटें बंद कर दें।